


# दैनिक सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन




वर्ष 54/ अंक 169/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | ▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, बुधवार 15 जनवरी 2025 भोपाल से प्रकाशित | dainiksandhyaprakash.in


# पीएम मोदी ने तीन युद्धपोत किए देश को समर्पित, कहा- भारत एक प्रमुख समुद्री शक्ति बन रहा है

1

2

3




मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन वॉरशिप आईएनएस सूरत (डिस्ट्रॉयर), आईएनएस नीलगिरि (स्टेल्थ फ्रिगेट) और आईएनएस वाघशीर (सबमरीन) को राष्ट्र को समर्पित किए। इन तीनों अल्ट्रा-मॉर्डन वॉर शिप से नेवी की ताकत और बढ़ जाएगी। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा 15 जनवरी को आर्मी डे के रूप में भी मनाया जाता है। आज भारत की समुद्री विरासत नेवी के गौरवशाली इतिहास और आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए भी बहुत बड़ा दिन है। छत्रपति शिवाजी महाराज ने नौसेना को नया सामर्थ्य दिया था, नया विजन दिया था। आज उनकी इस पावन धरती पर 21वीं सदी की नेवी को सशक्त करने की तरफ हम एक बहुत बड़ा कदम उठा रहे हैं। यह पहली बार हो रहा है, जब एक डिस्ट्रॉयर, फ्रिगेट और सबमरीन को एकसाथ कमीशन किया जा रहा है। ये तीनों मेड इन इंडिया हैं।

### मेक इन इंडिया के मंत्र से काम कर रहे

कर्नाटक में देश की सबसे बड़ी हेलिकॉप्टर बनाने वाली फैक्ट्री शुरू हुई। यूपी-तमिलनाडु में बन रहे डिफेंस कॉरिडोर को और गति मिलेगी। नेवी ने भी मेक इन इंडिया अभियान का विस्तार किया है। मझगांव डॉक यार्ड के आप साथियों की भूमिका है। 10 साल में नेवी में 33 शिप्स और 7 सबमरीन को शामिल किया गया। इनमें से 39 भारतीय शिपयार्ड में ही बने हैं। हमारी सेनाओं ने 5 हजार से ज्यादा ऐसे साजोसमान और उपकरणों की लिस्ट तैयार की है, जो अब वे विदेशों से नहीं मंगाएंगे। जब भारत का सैनिक भारतीय साजोसामान के साथ आगे बढ़ता है, तो आत्मविश्वास भी कुछ अलग ही होता है।

### भारत मैरीटाइम पावर बन रहा है

प्रधानमंत्री ने कहा- आज जो प्लेटफॉर्म लॉन्च हुए हैं, उनमें भी इसकी झलक है। नीलगिरी चोल वंश के सामुद्रिक सामर्थ्य के प्रति समर्पित है। सूरत वॉर शिप उस वक्त की याद दिलाता है, जब गुजरात को पोर्ट के जरिए वेस्ट एशिया से जुड़ा था। आज बाघशीर सबमरीन की भी कमीशनिंग हो रही है। कुछ साल पहले पी-75 क्लास के पहली सबमरीन की कमीशनिंग का मौका मिला था। आज इस क्लास की छठी सबमरीन समर्पित कर रहा हूं।

# मप्र में गरीब कल्याण मिशन शुरू होगा

## केबिनेट की बैठक में लिए गए कई फैसले, निवेशक सम्मेलन की तैयारियों पर जोर



**सांध्य प्रकाश संवाददाता**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक वंदे मातरम के गान के साथ आरंभ हुई। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने बैठक से पहले बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ज्ञान (गरीब-युवा-अन्नदाता और नारी शक्ति) पर ध्यान के ध्येय वाक्य के क्रियान्वयन के अंतर्गत प्रदेश में आरंभ स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन की बधाई देते हुए मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा कि शीघ्र ही गरीब कल्याण मिशन का क्रियान्वयन भी प्रदेश में आरंभ होगा। महारानी अहिल्या माता के 300 वें जयंती वर्ष में प्रवेश पर उनके सम्मान स्वरूप मंत्रिपरिषद की अगली बैठक 24 जनवरी को महेश्वर में होगी।

मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा कि औद्योगिक गतिविधियों और निवेश प्रोत्साहन की दिशा में अगली क्षेत्रीय इंडस्ट्रियल कांक्लेव शहडोल में होने जा रही है। प्रदेश में निवेश प्रोत्साहन के लिए 24, 25 फरवरी को भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में जापान, पार्टनर कंट्री के रूप में सहभागी होगा। अतः 27 जनवरी से 1 फरवरी तक डॉ यादव की जापान यात्रा प्रस्तावित है।

मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा कि 11 विभागों को, ग्लोबल इन्वेस्टर समिट से पहल, अपनी निवेश नीतियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए गए हैं, इसके अंतर्गत 21 निवेश नीतियों पर कार्य जारी है। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा कि औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति के साथ ही मध्यम उद्यम, नवकरणीय ऊर्जा, खाद्य नागरिक आपूर्ति, विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी, विमानन ,वन नगरीय विकास एवं आवास, लोक निर्माण , लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, पर्यटन जल संसाधन विभाग से संबंधित नीतियों पर तैयारी समय रहते पूर्ण कर ली जाए। इससे ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के समय निवेश प्रस्तावों पर त्वरित रूप से निर्णय लेने में मदद मिलेगी।

### कैबिनेट के फैसले

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की कैबिनेट की वर्ष 2025 की दूसरी बैठक में फैसला लिया गया कि प्रदेश में गरीब कल्याण मिशन लागू किया जाएगा। केबिनेट में इस मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा हुई। इसमें ग्रामीण इलाकों में पेयजल पहुंचाने पर चर्चा हुई। गांवों में तो पानी पहुंच चुका है, अब हर घर तक जल पहुंचाने का काम होगा। आजीविका संवर्धन के तहत तीन स्तर पर काम होगा। अभी इसकी तारीख तय नहीं हुई है। 2028 तक गरीबी समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। बैठक में डायल 100 सेवा के दूसरे चरण के लिए 1565 करोड़ रुपये की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को स्वीकृति दी गई है। इस सेवा का संचालन अप्रैल 2025 से सितंबर 2030 तक किया जाएगा।

प्रदेश के सभी जिलों में पुलिस बैंड के गठन को मंजूरी दी गई, इसके लिए 932 पदों के सृजन को मंजूरी दी गई है।

मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना दो साल के लिए बढ़ाई गई। खाली होने वाले तालाबों को बाहर से भरने पर काम करने के निर्देश दिए गए ग्वालियर मेला 50 प्रतिशत छूट के निर्णय की पुष्टि की गई।

**प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना** – हर घर में बिजली पहुंचे इस पर चर्चा, सभी शासकीय कार्यालयों में सौर ऊर्जा के प्लांट लगाएंगे। जो कम भाव में बिजली देगा, उससे खरीदेंगे।

बैठक में जीआईएस समिट और शहडोल में आयोजित होने वाले रीजनल इंडस्ट्री कानक्लेव की तैयारियों और निवेश नीति में बदलावों पर भी चर्चा की गई। बताया गया कि मुख्यमंत्री जापान दौरे पर जा रहे हैं और वहां निवेशकों को आमंत्रित करेंगे। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को उनके प्रभार वाले जिलों में विकास कार्यों का निरीक्षण और विभागीय समीक्षा के निर्देश दिए हैं।

## सोनिया ने नए कांग्रेस मुख्यालय का किया उद्घाटन



**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी भवन 9 ए, कोटला रोड, नई दिल्ली... यह कांग्रेस पार्टी का नया ठिकाना है। सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी ने पार्टी के अन्य नेताओं के साथ आज इसका उद्घाटन किया। करीब 46 साल बाद पार्टी ने अपना पता बदला है। इससे पहले पुराना ऑफिस 24, अकबर रोड था। नए ऑफिस की आधारशिला 2009 में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और सोनिया गांधी ने रखी थी। कांग्रेस के मीडिया कोऑर्डिनेटर अमरीश रंजन ने बताया कि राष्ट्रीय दफ्तर के

## ईडी को गृह मंत्रालय की मंजूरी, केजरीवाल पर केस चलेगा



**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर मनी लॉन्ड्रिंग का केस चलाने की मंजूरी दे दी है। दिल्ली के एलजी विनय सक्सेना भी केजरीवाल पर केस चलाने की इजाजत दे चुके हैं। ईडी को यह मंजूरी इसलिए लेनी पड़ी, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि सरकारी कर्मचारियों पर मुकदमा चलाने के लिए ऐसा करना होगा। श्रष्ठ ने पिछले साल कोर्ट में केजरीवाल के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।




## नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष रविंद्र यती को दी शुभकामनाएं



**भोपाल।** भोपाल महानगर के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष रविंद्र यती को भाजपा प्रदेश कार्यालय में जाकर शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी गोविंद कहारें, नारायण साहू और रामेश्वर दीक्षित भी उपस्थित रहे। भाजपा नेताओं ने रविंद्र यती को उनके नए पद की जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। गोविंद कहारें ने कहा कि यती के नेतृत्व में पार्टी और संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। वहीं नारायण साहू ने उनकी कार्यकुशलता और समर्पण की प्रशंसा की। प्रदेश कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में यती के नेतृत्व में संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का विश्वास व्यक्त किया।

# मनुआभान टेकरी पर दिखी पतंगों की धूम

## मकर संक्रांति हमारी परंपराओं का प्रतीकः सबनानी



**भोपाल।** भारतीय सिंधु सभा एवं सिंधी मेला समिति के संयुक्त तत्वावधान में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मनुआभान टेकरी पर पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया। महिलाओं में इस पतंग महोत्सव के प्रति काफ़ी ज़्यादा उत्साह देखा गया, हर कोई इस पल को अपने कैमरे में कैद करता हुआ दिखाई दे रहा था। महोत्सव में विभिन्न प्रकार की पतंगों ने सभी का मन मोहा। बच्चों, युवा, बुजुर्गों और महिलाओं ने यहां पतंग उड़ाई, और उपस्थित समाज के सभी लोगों ने एक दूसरे को तील, गुड के लड्डू खिला कर मकर संक्रांति के पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर समिति द्वारा महिलाओं बच्चों के लिए कई प्रकार की प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गई थी, साथ ही यहां आर्केस्ट्रा म्यूजिक की भी व्यवस्था की गई थी। इसके अलावा टेकरी पर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के लिए नि:शुल्क पौधों का वितरण भी इस महोत्सव में उपस्थित होने वाले परिवार को दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं विधायक श्री भगवान दास सबनानी एवं प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह उपस्थित रहे, सबनानी ने उपस्थित सभी लोगों के इस पावन पर्व की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि मकर संक्रांति हमारी परंपराओं और संस्कारों का प्रतीक है और इस तरह के आयोजनों से हमें अपनी संस्कृति को बनाए रखने और आने वाली पीढ़ियों तक भारतीय संस्कृति को पहुंचाने में मदद मिलती है। इस अवसर पर भारतीय सिंधु सभा के अध्यक्ष हरीश चाँदवानी, महासचिव राम आसूदानी, उपाध्यक्ष हरीश मेंघानी सहित सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरियानी महासचिव नरेश तलरेजा, अशोक माटा, नरेश गिदवानी सहित अन्य सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## बीएचईई थ्रिफ्ट सोसायटी के कैलेंडर का विमोचन



**भोपाल।** बी.एच.ई.ई. थ्रिफ्ट सोसायटी के संचालक मंडल द्वारा बी.एच.ई.एल भोपाल के कार्यपालक निदेशक एस. एम. रामनाथन से प्रशासनिक भवन में मुलाकात कर उन्हें नव वर्ष एवं डायरेक्टर बनने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एस. एम. रामनाथन के कर कमलों द्वारा संस्था सदस्यों को वितरित किए जाने वाले कैलेंडर का विमोचन किया गया। कार्यपालक निदेशक ने संचालक मंडल को नववर्ष की शुभकामनाएँ देते हुए संस्था की प्रगति पर हर्ष व्यक्त किया और इस नयी पहल के लिए बधाई दी। संस्था अध्यक्ष श्री बसंत कुमार ने जानकारी दी कि सदस्यों के लिए पिछले वर्ष के भाँति इस वर्ष भी कैलेंडर का वितरण करने जा रही है। कैलेंडर का वितरण सदस्यों को 3 दिन के भीतर कर दिया जाएगा। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष श्री बसंत कुमार, उपाध्यक्ष राजेश शुक्ला, सचिव निशा वर्मा, संचालक आशीष सोनी, राजमल बैरागी, एवं रजनीकांत चौबे उपस्थित थे। अंत में उपस्थित संस्था संचालक मंडल ने कार्यपालक निदेशक महोदय का आभार व्यक्त किया।

## पिपलानी मैदान पर चल रही टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट भेल चैंपियंस ट्रॉफी



**भोपाल।** टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट भेल चैंपियंस ट्रॉफी 2025 सीजन 3 शाखा मैदान पिपलानी भोपाल में कारखाने के मेहनतकश युवा कर्मचारियों द्वारा सक्रिय प्रतिभागिता के साथ खेला जा रहा है। टूर्नामेंट मीडिया प्रवक्ता अतुल मालवीय ने लाइव अपडेट में बताया की 144 वर्षो के बाद सनातन हिंदू धर्म की आस्था और संस्कृति के प्रतीक मकर-संक्रांति के पावन महाकुंभ पर्व,अमृत स्नान और सर्द मौसम घने कोहरे के कहर बीच आज का मैच टी.आर.एम लायंस और ट्रैक्शन टाईगर के बीच खेला गया जिसमें टी.आर.एम ने पहले बैटिंग करते हुए 8 ओवरों मे 73 रन बनाये। दूसरी पारी में ट्रैक्शन टाईगर ने 8 ओवरों मे 74 रन बनाकर अंतिम बाल मे 2 रन बनाकर जीत हासिल की आज के मैन आफ द मैच रहे मिथिलेश तिवारी को टूर्नामेंट के संरक्षक आर.एस.ठाकुर द्वारा मोमेंटो प्रदान किया गया। आज के कामन्ट्रेटर लक्ष्मण तोमर एवं ऑफ़ लाइन स्कोरर महेन्द्र विश्वकर्मा और ऑन लाइन स्कोरर प्रदीप माझी रहे! एम्पायर लक्ष्मण डेहरिया एवं संजय मीना थे। टूर्नामेंट के आयोजको राजेश पाटकर,विकासतिवारी, सादिक खान,जितेंद्र लोहट,आर,एस अरोरा,वी.एस चाहर,मोहम्मद हाजिक,योगेश जाटव ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया।

## वर्ल्ड ट्रेडिशनल शोटोकन कराते फेडरेशन में 3 स्वर्ण, 5 रजत और 10 कांस्य पदक जीते



**संत हिरदाराम नगर।** लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ एज्यूकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ उ.मा.विद्यालय ने ''वर्ल्ड ट्रेडिशनल शोटोकन कराते फेडरेशन चैम्पीयनशिप'' में 3 स्वर्ण, 5 रजत एवं 10 कांस्य पदक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की कोच भावना यादव के कुशल मार्गदर्शन में कक्षा चौथी से ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने 10 जनवरी से 12 जनवरी तक चले स्टेट टूर्नामेंट में विद्यालय की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट में कुल 560 छात्रों ने भाग लिया जिसमें कुल 18 पदक विद्यालय के नाम रहे तथा विद्यालय ने तीसरा स्थान हासिल किया। विद्यालय की छात्राएं डोली मीणा कक्षा चौथी, हर्षिता जवरानी कक्षा आंठवीं एवं भारती पटेल कक्षा ग्यारहवीं ने स्वर्ण पदक हासिल किए। दिव्यांशी वर्मा-चौथी, याशिका मेवाड़ा-छटवीं, रूचि मीणा-नवीं, अल्का-ग्यारहवीं, स्नेहा-ग्यारहवीं ने रजत पदक हासिल किए व प्रियल शर्मा, जैसिका, भूमि घोषी, जानवी उपाध्याय, खुशी मारन, निहारिका नागर, रेनुका गुड़िया, प्रियांशी मीणा, डोली प्रजापति, प्रिया ने कास्य पदक जीते। अब प्रथम एवं द्वितीय स्थान पाने वाली छात्राएं राष्ट्रीय कराते चैम्पीयनशिप के लिए चयनित हो चुकीं हैं जो कि आगामी मई-जून 2025 में गोवा में होना प्रस्तावित है।

## ज्वाला कान्वेंट स्कूल में बच्चों ने सीखी पतंग बनाना



**संत हिरदाराम नगर।** ज्वाला कान्वेंट स्कूल में मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में पतंग सीखो कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य राज बतरा ने बताया की इस कार्यक्रम का उद्देश्य अपने सनातन धर्म के प्रति आस्था जागृत करना था। इस अवसर पर शिक्षिकाओं ने बच्चों को पतंग बनाने का प्रशिक्षण दिया ताकि बच्चे कोई सा भी त्यौहार कम पैसों में उत्साह पूर्वक मना सके। बच्चों ने अपने हाथों से रंग बिरंगी पतंग बनाई। शिक्षिकाओ ने मकर संक्रांति के महत्व को बताते हुए बच्चों को बताया कि चाइनीस धागों से दूर रहे और अपने सादे धागे के द्वारा ही पतंग उड़ाएं और सावधानी के साथ इस त्यौहार का आनंद ले।

## बदमाश अड़ीबाजी के आरोप में गिरफ्तार

**भोपाल।** भोपाल शहर में अपराधों पर अंकुश लगाने और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन सक्रिय रूप से कार्रवाई कर रहा है। पुलिस आयुक्त श्री हरिनारायणाचारी मिश्र और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री अवधेश गोस्वामी के निर्देशानुसार, संपत्ति संबंधी अपराध, अवैध हथियार रखने और अड़ीबाजी जैसे मामलों में आरोपियों की धरपकड़ की जा रही है। इस क्रम में, थाना जहांगीराबाद के प्रभारी निरीक्षक आशुतोष उपाध्याय के नेतृत्व में एक टीम ने सूचीबद्ध गुंडे, वाली उर्फ वेदप्रकाश (उम्र 30 वर्ष), को अड़ीबाजी के आरोप में गिरफ्तार किया। शिकायतकर्ता जैकी साहू (35 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी ने उससे ?500 की मांग की और पैसे न देने पर गाली-गलौज की। शिकायत के आधार पर धारा 296, 115(2), 351(2), और 119(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

## जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने 7-दिवसीय इंटरकॉलेजिएट प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया

**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज, भोपाल के जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने जैविक अनुसंधान में उन्नत आणविक और प्रतिरक्षाविज्ञानी तकनीक नामक 7 दिवसीय इंटरकॉलेजिएट प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया। प्रशिक्षण डॉ. शाजिया खान, एचओडी बायोटेक्नोलॉजी और डॉ. दिव्या पटेल सहायक प्रोफेसर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था। प्रिंसिपल डॉ. डालिमा पारवानी ने युवाओं के लिए इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमारे छात्रों को नवीनतम तकनीकों के ज्ञान से सशक्त बनाना अनुसंधान और विकास के लिए आवश्यक है। प्रशिक्षण में संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज, आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी और चंद्र शेखर आजाद शासकीय पीजी (लीड) कॉलेज (सीहोर) के कुल 16 छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम ने प्रयोगशाला कौशल को निखारने और गहन ज्ञान प्राप्त करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान किया, जिससे प्रतिभागियों की जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

## स्त्री नारायण मिशन के मकरविलक्कु महोत्सव का समापन



**भोपाल।** स्त्री नारायण मिशन, भोपाल ने मंगलवार को भव्य मकरविलक्कु महोत्सव का आयोजन किया, जो भक्ति, उल्लास और सांस्कृतिक समृद्धि से परिपूर्ण था। पुनर्थम के शुभ अवसर पर आयोजित इस महोत्सव में बड़ी संख्या में भक्तों ने गुरुमंदिर में आकर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु पूजा और सरदा पुष्पांजलि से हुई, जिसने पूरे वातावरण को शांत, पवित्र और आध्यात्मिक बना दिया। शाम के समय, भक्तों ने भारी संख्या में भाग लेकर अयप्पा ज्योति जुलूस में हिस्सा लिया। यह जुलूस थलप्पोली और चेंदा मेलम की मधुर ध्वनियों के बीच दुर्गा मंदिर, रचना नगर से शुरू होकर गुरुमंदिर तक पहुँचा। इस जुलूस ने पूरे शहर में भक्ति और सांस्कृतिक चेतना का संचार किया। शाम के अनुष्ठानों में चुट्ट विलक्कु का दीप प्रज्वलन, दीपराधना, सरदा पुष्पांजलि और कर्पूर ज्योति शामिल थे। इसके बाद, भक्तों के लिए एक भक्ति-भावना से परिपूर्ण भजन सत्र आयोजित किया गया, जिसने सभी उपस्थित भक्तों को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया।



मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में राम धुन के बाद खिचड़ी क्या प्रसाद भक्तों ने ग्रहण किया

## यूआईटी आरजीपीवी के छात्रों ने रीजनल साइंस सेंटर प्रदर्शनी में ऑनलाइन थ्रिफ्ट स्टोर विद एआई चैटबॉट प्रस्तुत किया



**भोपाल।** यूआईटी आरजीपीवी के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के अंतिम वर्ष के छात्र रिनीशा तिवारी, सुमेध गोडबोल और तनिष्क अग्रवाल ने 10-12 जनवरी 2025 को आयोजित रीजनल साइंस सेंटर प्रदर्शनी में अपना अभिनव प्रोजेक्ट, ऑनलाइन थ्रिफ्ट स्टोर विद एआई चैटबॉट प्रस्तुत किया। यह प्रोजेक्ट तकनीक और स्थिरता का उत्कृष्ट मेल है, जो थ्रिफ्ट संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ-साथ उपयोगकर्ताओं को एक सहज और सरल अनुभव प्रदान करता है। प्लेटफ़ॉर्म एक एआई चैटबॉट के साथ एकीकृत है, जो ग्राहकों के सवालों को प्रभावी ढंग से हल करता है और उत्पाद खोजने तथा खरीदारी प्रक्रिया को आसान बनाता है। प्रदर्शनी ने छात्रों को शिक्षाविदों, उद्योग विशेषज्ञों और प्रौद्योगिकी प्रेमियों के सामने अपने नवाचार को प्रदर्शित करने का मौका दिया। प्रोजेक्ट की व्यावहारिकता और नवीनता को सभी ने सराहा।

## सिम्बायोसिस इंटरनेशनल ने एंट्रैंस टेस्ट-एसईटी 2025 एंड एसआईटीईईई 2025 के माध्यम से अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए आवेदन आमंत्रित किए

**भोपाल।** अकादमिक उत्कृष्टता के लिए विश्वस्तर पर मान्यता प्राप्त संस्थान सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) (एसआईयू) ने सिम्बायोसिस एंट्रैंस टेस्ट (एसईटी) और एसआईटी इंजीनियरिंग एंट्रैंस एक्ज़ाम 2025 के माध्यम से अपने अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। उम्मीदवार 12 अप्रैल 2025 तक ऑफिशियल पोर्टल के ज़रिए अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। इस टेस्ट में उम्मीदवारों को दो मौके मिलते हैं, जिसमें उनके सर्वश्रेष्ठ स्कोर को वैद्य माना जाता है। प्रवेश परीक्षा 5 मई 2025 और 11 मई 2025 को होगी, परिणामों की घोषणा 22 मई 2025 को की जाएगी।सिम्बायोसिस एंट्रैंस टेस्ट और एसआईटी इंजीनियरिंग एंट्रैंस एक्ज़ाम एक घण्टे की कम्प्यूटर-आधारित प्रवेश परीक्षा है जो विभिन्न विषयों में छात्रों के एप्टीट्यूड का मूल्यांकन करती है। हर परीक्षा में उम्मीदवारों को दो अटेम्प्ट मिलते हैं। भारत के 80 शहरों में आयोजित होने वाली यह परीक्षा बड़ी संख्या में छात्रों के लिए सुलभ है। सिम्बायोसिस एंट्रैंस टेस्ट में जनरल इंग्लिश, क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड, जनरल अवेयरनैस और एनालिटिकल एवं लॉजिकल रीज़निंग का मूल्यांकन किया जाता है। वहीं एसआईटी इंजीनियरिंग एंट्रैंस एक्ज़ाम परीक्षा इंजीनियरिंग के उम्मीदवारों के लिए है जो फिज़िक्स, कैमिस्ट्री और मैथेमेटिक्स में छात्रों की क्षमता का मूल्यांकन करती है।

## एल एन आयुर्वेद महाविद्यालय में स्नातकोत्तर ज्ञान आरंभ संस्कार कार्यक्रम का आयोजन



**भोपाल।** एल एन आयुर्वेद महाविद्यालय में नव आगंतुक स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं हेतु ज्ञान आरंभ संस्कार ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव अशोक वार्ष्णेय थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में आरोग्य भारती के प्रांतीय संगठन सचिव महेश दीक्षित राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मिहिरजी, एलएनसीटी समूह के सचिव अनुपम चौकसे, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ नरेंद्र कुमार थापक, रजिस्ट्रार डॉ अजीत कुमार सोनी,प्राचार्य डॉ सपन जैन व निदेशक डॉ विशाल शिवहरे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि के समझ पूजन व दीप प्रज्वलन कर किया गया।कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ शैलेष जैन द्वारा महाविद्यालय के उपलब्धियों से सभी को रूबरू कराया गया। तत्पश्चात प्राचार्य डॉ सपन जैन द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया, जिसमें महाविद्यालय के नियम व कायदों से विद्यार्थियों को परिचित कराया गया। वाइस चांसलर डॉ नरेंद्र कुमार थापक ने अपने उद्बोधन में युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद के चरित्र से सीख लेते हुए अपने जीवन को बेहतर बनाने का आह्वान किया गया। सचिव एलएनसीटी ग्रुप डॉ अनुपम चौकसे ने अपने उद्बोधन में छात्रों से कुछ बेहतर कर आयुर्वेद को एक नई ऊंचाई प्रदान करने हेतु संकल्पित किया गया। डॉ अशोक वार्ष्णेय ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों से प्रश्न उत्तर करते हुए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में रिसर्च की क्या भूमिका है विषय पर विस्तृत विश्लेषण किया गया। आयुर्वेद में आज रिसर्च की बहुत आवश्यकता है रिसर्च पॉजिटिव भी होती है नेगेटिव भी होती है आज दोनों प्रकार की रिसर्च की आवश्यकता है। महाविद्यालय परिवार द्वारा मुख्य अतिथि का स्मृति चिन्ह के साथ सम्मान किया गया। तत्पश्चात निदेशक डॉ विशाल शिवहरे द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। व अंत में राष्ट्रगान के साथ उद्घाटन सत्र का समापन किया गया।

# महाकुम्भ मेला धार्मिक आस्था के साथ देश की अर्थव्यवस्था में भी सहायक



त्वरित टिप्पणी
जी. के. छिब्बर

विश्व का सबसे बड़ा आयोजन महाकुम्भ मेला प्रयागराज में प्रारंभ हो गया और 14 जनवरी मकर संक्रांत पर 3.5 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने अमृत स्नान करके विश्व को आश्चर्य चकित कर दिया महाकुंभ में विश्व के अनेकों देशों से श्रद्धालु आ रहे हैं भारतीय प्राचीन परम्परा और संस्कृति के इस आयोजन में कोई निमंत्रण नही होता सभी सनातनी आस्थावान इस आयोजन में स्वेच्छा से शामिल होकर अपने आपको भाग्यशाली मानते हैं प्राचीनकाल से निरंतर 12 वर्ष पश्चात महाकुम्भ का यह अयोजन सफलतापूर्वक होता आ रहा है यह भारतीयता का प्रतीक है।

कुम्भ का धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व तो है ही लेकिन जनवरी से मार्च तक यह रोजगार का भी साधन बन जाता है जिससे राज्य की देश को अर्थव्यवस्था सुदृढ होती है।

भारतीय उद्योग संघ के अनुमान के अनुसार 12 जनवरी से 4 मार्च 2025 तक होने वाले इस आध्यात्मिक और धार्मिक आयोजन से 6 लाख लोगो को रोजगार मिलेगा होटल ,लॉज एवम विश्रामग्रह क्षेत्र में ही ढाई लाख का रोजगार उत्पन्न होगा 45 हजार टूर ऑपरेटर को काम मिलेगा चिक्तिसा पर्यटन में 85 हजार कर्मियों को रोजगार मिलेगा और वाहन चालक गाइड दुभाषिया जैसे अन्य लोग 55 हजार लोग नियोजित होंगे ओर कारोबारियो के व्यापार और व्यवसाय से लाभ तो होगा ही।

उत्तरप्रदेश सरकार महाकुम्भ पर आयोजन में 4200 करोड़ खर्च कर रही है जो पिछले आयोजन से तिगुना है परन्तु इस वर्ष के आयोजन से 1200 अरब राजस्व प्राप्त होने का भी अनुमान है इसलिए महा कुम्भ मेला भारत की संस्कृति ,आस्था धर्म के साथ साथ भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए भी वरदान है। यह भी उल्लेखनीय है कि नेशनल सैंपल सर्वे के अनुसार देश में धार्मिक यात्रा पर हिंदू प्रति वर्ष 4.74 लाख करोड़ खर्च करते है इससे 8 करोड़ लोगों को रोजगार मिलता है जिसमे पवित्र अमरनाथ ओर वैष्णो देवी में 90 प्रतिशत मुस्लिम रोजगार पाते हैं इसी तरह सोमनाथ में भी 60 प्रतिशत मुस्लिम रोजगार प्राप्त करते है देश के समस्त हिन्दू मंदिर भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत ही करते है।

प्रयागराज के इस महाकुम्भ में 40 करोड़ श्रद्धालु भागीदारी करेंगे ऐसा अनुमान है फिलहाल तीन दिवस में इस महकुम्भ का सफल संचालन हुवा है कानून और व्यवस्था चाकचौबंद है साधुसंत भी अनुशासन में स्नान कर रहे है पुलिस भी उदारतापूर्ण नियंत्रण और प्रबंध कर रही है नागरिकों की सहयोगात्मक भागीदारी सराहनीय है भारत का महाकुम्भ का सफल प्रबंधन शोध का विषय है।

# अयोध्या की तरह होगा चित्रकूट धाम का विकास

## प्रयागराज महाकुंभ की व्यवस्थाएं देखने भेजा प्रदेश का अधिकारी दल

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि चित्रकूट धाम का विकास अयोध्या की तरह ही जाएगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज कुंभ में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बहुत अच्छे प्रबंध किए हैं। इसके परिणाम भी दिख रहे हैं। प्रयागराज के महाकुंभ की व्यवस्थाओं से बड़े मेलों के लिए आवश्यक प्रबंधन सीखा जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सतना जिले के साथ पवित्र चित्रकूट धाम के विकास को लेकर बैठक आयोजित की गई, जिसमें विकास कार्यों के प्रस्ताव और अनेक सुझाव मिले हैं। प्राप्त सुझावों के आधार पर चित्रकूट धाम में भगवान श्रीराम के ऐतिहासिक काल को जोड़ते हुए, यहां के वैभव को स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चित्रकूट में विकास संबंधी बैठक के बाद मीडिया प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि विकास के कई प्रस्तावों पर केन्द्रित एक कार्य योजना भी तैयार की जा रही है। बैठक में प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर चित्रकूट की महिमा, पुराना वैभव एवं गौरव को दृष्टिगत रखते हुए विकास के प्रयास किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंत्री, सांसद, विधायक आदि जन-प्रतिनिधि बैठक में शामिल रहे। जन-प्रतिनिधियों से महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए हैं।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रयागराज के महाकुंभ में व्यवस्थाओं के अध्ययन के लिए मध्यप्रदेश के अधिकारी भेजे हैं। इसके बाद वर्ष-2028 में उज्जैन में सिंहस्थ होने जा रहा है। अलग-अलग खगोलीय घटनाएं होती हैं जिनके के आधार पर इनका नाम महाकुंभ और सिंहस्थ नाम होता है। ये विश्व के सबसे बड़े मेले हैं। हम उम्मीद करेंगे कि इन मेलों से हमारे प्रबंध बड़े से बड़े स्थान में की गई व्यवस्था सुव्यवस्था में बदले और छोटे स्थानों और धार्मिक मेलों में तीर्थ यात्रियों को बेहतर सुविधाएं कैसे दे सकते हैं, इसके लिए क्रियान्वयन का रास्ता तैयार होता है। यह चित्रकूट में लघु रूप में ही क्यों न हो, यह प्रबंधन से सीखा जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा प्रयास है आधुनिक तकनीक का लाभ लेते हुए बेहतर प्रबंधन से शासन, सुशासन में बदलें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कामना की कि प्रयागराज कुंभ सभी के लिए फलदायी हो। विशेष रूप से सनातन धर्म में प्रत्येक 12 साल में अलग-अलग स्थानों पर वैचारिक अनुष्ठान का जो यह महा आयोजन होता है, हमारी धार्मिक दृष्टि से भी उसका विशेष महत्व है।

**चित्रकूट विकास प्राधिकरण गतिशील:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चित्रकूट विकास प्राधिकरण से चित्रकूट का तीव्र गति से विकास हो सकेगा। सभी योजनाओं का लाभ सभी को मिले और चित्रकूट की ख्याति भव्य रूप में बने इस पर गंभीर रूप से विचार-विमर्श किया गया है।

**चित्रकूट के समग्र विकास का प्लान समेकित रूप से हो क्रियान्वित:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि चित्रकूट के समग्र विकास का प्लान समेकित रूप से बने और सबके सहयोग से क्रियान्वित किया जाये। उन्होंने कहा कि चित्रकूट में अनेक सामाजिक संस्थाओं द्वारा समाज सेवा तथा अन्य विकास कार्य किये जा रहे हैं। धार्मिक स्थल में होने वाले मेले और अवसरों पर तीर्थ यात्रियों तथा पर्यटकों की सुविधाओं के लिए इन संस्थाओं के कार्यों से भी जोंडे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को चित्रकूट में चित्रकूट के समग्र विकास के लिये प्रगतिरत एवं प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चित्रकूट का समग्र विकास हमारी प्राथमिकता है। यहाँ बेहतर विकास हो और आध्यात्मिक वैभव के साथ चित्रकूट का मूल स्वरूप कायम रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मां मंदाकिनी की स्वच्छता और निर्मलता के साथ वाटर रिचार्ज का भी अभियान स्वयंसेवी संस्थाओं एवं जनभागीदारी से चलाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे आश्रम, संस्थाएँ मिलकर भूगर्भ के जल संभरण और संरक्षण का अभियान चलाये। चित्रकूट में चल रहे विभिन्न प्रकल्पों को और कैसे मजबूत बनायें जिससे हमारा समाज और क्षेत्र स्वावलम्बी बन सके।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चित्रकूट विष्वविद्यालय और समाजसेवी संस्थाएँ स्वावलम्बी समाज बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। चित्रकूट की हमारी पुरातन संस्कृति और परंपरागत पहचान को कायम रखते हुए कई विषयों को जोडकर विकास के कार्य होने चाहिए। गौ-शालाएँ, गौ-पालन, स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में सबके सहयोग से कार्य हो। चित्रकूट के अमावस्या मेला और दीपावली मेले में भीड प्रबंधन के लिए रोप-वे के विकल्प की भी संभावनाएँ तलाशी जा सकती है। मेले में वाहनों की पार्किंग के स्थानों के लिए कन्ट्रोल रूम बनाएँ। उन्होंने कहा कि सडकों का चौडीकरण और सुदृढ़ीकरण का कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण हो। मुख्यमंत्री ने मोहकमगढ से पीली कोठी तक बनने वाली सड़क का कार्य दोनों सिरों से शुरू करने के निर्देश दिये। नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि कामदगिरी परिक्रमा मार्ग में सुविधाओं के विकास की जरूरत है। परिक्रमा में साफ-सफाई के उचित प्रबंध भी होने चाहिए। दान दाताओं के लिए भी सुनियोजित स्थान तय करना आवश्यक है। समाजसेवी श्री सुरेश सोनी ने कहा कि चित्रकूट पावन तीर्थ का महत्व कामदगिरी और मां मंदाकिनी से है। अयोध्या सहित तीर्थ स्थलों के विकास से लोकप्रियता बढने के साथ यात्रियों का आवागमन कई गुना बढ़ा है। चित्रकूट का विकास प्लान आगामी 15-20 साल की परिस्थितियों के अनुसार ही बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चित्रकूट के प्रत्येक मठ, मंदिर, विद्यालय, सामाजिक संस्थाएँ जन प्रबोधन का कार्य भी करें।

सांसद गणेश सिंह ने कहा कि भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट में विकास की संभावनाएँ हैं मंदिर और तीर्थ स्थलों की प्राकृतिक सुंदरता बनी रहे। साथ ही चौरासी कोश की परिक्रमा के महत्वपूर्ण स्थल भी चित्रकूट के समग्र विकास में शामिल कर जनसुविधाएँ विकसित की जाये। विधायक श्री सुरेन्द्र सिंह गहरवार ने डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन, कुलगुरू चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय प्रो. भरत मिश्रा, महापौर श्री योगेश ताम्रकार, पूर्व प्राचार्य संस्कृत विद्यालय श्रीधर त्रिपाठी, गायत्री शक्ति पीठ के आचार्य डॉ. रामनारायण त्रिपाठी, जानकी महल के महंत सीताशरण जी महाराज, रमाकांत त्रिपाठी, सदगुरू सेवा संघ के ट्रस्ट के डॉ. बी.के. जैन, डीआरआई के उपाध्यक्ष निखिल प्रभाकर मण्डले और बसंत पण्डित ने सुझाव दिये। चित्रकूट के समग्र विकास के प्रगतिरत एवं प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा बैठक में अपर आयुक्त नगरीय विकास एवं आवास श्री के.एल. मीणा ने मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कार्पोरेशन द्वारा तैयार किये गये चित्रकूट के समग्र विकास के प्लान का प्रस्तुतिकरण दिया।

### मुख्यमंत्री ने किये भगवान कामतानाथ के दर्शन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चित्रकूट में मंगलवार को भगवान कामतानाथ के प्राचीन मुखारविंद के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने चित्रकूट रामवन गमन अनुभूति वाटिका में किया पौध-रोपणमुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को चित्रकूट में वन विभाग द्वारा विकसित श्रीराम वन संस्कृति वन में राम वन गमन अनुभूति वाटिका में पीपल, बरगद और नीम का पौधा रोपा।

### किये वन देवी के दर्शन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को चित्रकूट में वन देवी मंदिर जाकर दर्शन और पूजा अर्चना की। उन्होंने वन देवी मंदिर में वन विभाग द्वारा किए जा रहे निर्माण और विकास कार्यों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राम पथ गमन से जुडे इस प्राचीन और पौराणिक स्थल की मान्यता है कि वन देवी शक्ति स्वरूपा मां पार्वती की शक्ति पीठ है। वन देवी मंदिर के विकास को भी राम वन गमन पथ के विकास प्लान में शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चित्रकूट में मंगलवार को श्रीराम संस्कृति वन में 9 महिला स्व-सहायता समूहों को बैंक लिंकेज के माध्यम से क्रय किये गये स्ट्रॉ-रीपर और सुपर सीडर मशीनों को हरी झण्डी दिखाई।

# उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने जेपी चिकित्सालय में एमआरआई सुविधा का किया शुभारंभ




**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने जेपी चिकित्सालय में एमआरआई सुविधा का शुभारंभ किया। जयप्रकाश चिकित्सालय में 1.5 टेस्ला एमआरआई जांच की यह सुविधा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश सरकार द्वारा पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत कृस्ना डायग्नोस्टिक्स लिमिटेड के माध्यम से उपलब्ध कराई जायेगी। यहाँ मरीजों को सीजीएचएस दरों से 30 प्रतिशत से भी कम दरों पर जांच की सुविधा प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर महापौर मालती राय आदि मौजूद रहे।

# पुलिसकर्मियों के बच्चों को नकद पुरस्कार, खेल प्रतिभाओं को मिलेगा प्रोत्साहन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश पुलिसकर्मियों के बच्चों को अब खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। पुलिस मुख्यालय ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं, जिससे आरक्षक से लेकर आईपीएस अधिकारियों के बच्चों को लाभ मिलेगा। राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय खेलों में पदक विजेता बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए तीन हजार से दस हजार रुपये तक नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। पुलिस अधिकारियों को तय प्रारूप में बच्चों की जानकारी मुख्यालय को देना अनिवार्य होगा। यह पहल पुलिसकर्मियों के बच्चों को खेलों में आगे बढ़ाने और उनकी प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर तक ले जाने के लिए की गई है।

### स्कूल और ओपन स्तर के खिलाड़ियों को भी सम्मान

स्कूल और ओपन स्तरीय खेलों में भी राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले बच्चों को नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

### खेल प्रतिभा को मिलेगा बढ़ावा

यह कदम पुलिस विभाग की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उनके भविष्य को उज्जवल बनाने की दिशा में एक बड़ा प्रयास है।



भोपाल। चौक बाजार स्थित सराफा व्यापार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के चुनाव हुए।

# आने वाले दो वर्षों में दौड़ेंगी 50 अमृत भारत ट्रेन-सेट

**भोपाल।** रेल मंत्रालय ने अगले दो वर्षों में 50 नई अमृत भारत ट्रेन-सेट लॉन्च करने की योजना बनाई है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि ये ट्रेनें यात्रियों को किफायती, सुरक्षित और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस यात्रा अनुभव प्रदान करेंगी। इस पहल का उद्देश्य लंबी दूरी की यात्रा को अधिक आरामदायक और सुलभ बनाना है।

नई अमृत भारत ट्रेनों को अमृत भारत 2.0 योजना के तहत उन्नत सुविधाओं और तकनीकों से लैस किया गया है। इनमें निम्नलिखित सुधार शामिल हैं-

1. **अर्ध-स्वचालित कपलर:** कोचों को आसानी से जोड़ने और अलग करने की सुविधा।
2. **ईपी-सहायता प्राप्त ब्रेक प्रणाली:** आपातकालीन स्थिति में तेज ब्रेकिंग क्षमता।
3. **स्वचालित स्वच्छता प्रणाली:** शौचालयों की बेहतर सफाई के लिए।
4. **पुश-पुल ऑपरेशन- दोनों सिरों पर इंजन लगने से अधिक गति और स्थिरता।**

### यात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाएं

यात्रा को आरामदायक और सुविधाजनक बनाने के लिए ट्रेनों में कई आधुनिक फीचर्स जोड़े गए हैं

फोल्डेबल स्नैक टेबल और मोबाइल होल्डर। बेहतर डिज़ाइन की गई सीटें और बर्थ।

रेडियम फ्लोरिंग और तेजस-प्रकार के गैंगवे। शौचालयों में स्वचालित साबुन डिस्पेंसर, एफआरपी मॉड्यूलर डिज़ाइन, और दिव्यांगजन के लिए विशेष शौचालय।

### सुरक्षा होगी प्राथमिकता

यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए नई तकनीकों का उपयोग किया गया है। क्रैशवर्थी कपलर दुर्घटनाओं के प्रभाव को कम करने में सक्षम। ऑन-बोर्ड कंडीशन मॉनिटरिंग सिस्टम (ओबीसीएमएस) कोचों की स्थिति की निगरानी। आपातकालीन रोशनी और अग्नि शमन प्रणाली।

**अन्य विशेषताएं:** प्रत्येक कोच में मोबाइल चार्जिंग सॉकेट। पब्लिक एड्रेस सिस्टम और यात्री सूचना प्रणाली।

# गढ़ भोपाल के सामाजिक संगठनों ने मनाया छेर- छेरता पाबुन




**भोपाल।** अनुसूचित जनजाति समुदाय जो प्राचीन काल से यह समुदाय व राष्ट्र के लिए, बेहतरीन भविष्य निर्माण के लिए शैक्षणिक संस्थान जैसे गोटूल - गोंड, दुमकुरिया - उरांव आदि संस्थानों के माध्यम से बच्चों को प्रशिक्षित किया जाता है यह पाबुन जीवन जीने के सभी संसाधनों धर्म, भाषा, संस्कृति ,आध्यात्म, कला- कौशल, परम्परा आदि सभी विधाओं से प्रशिक्षित किया जाता था यही वजह रहा कि भारत देश को दुनिया का विश्व गुरु के रूप में देखता रहा है गोंडवाना भूभाग के समृद्ध संस्कृति को आत्मसात कर सशक्त बनाकर सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए देश के विकास में अपना पूर्ण योगदान देना हम सब एक हैं कि भावना के साथ, सगा सग्गुम आदिम सामाजिक संस्था भोपाल म.प्र. इंडिया, गोंडवाना मातृशक्ति ट्राईबल फाउंडेशन भेल भोपाल, अखिल भारतीय आदिवासी हल्वा समाज समिति भोपाल, कोयतोड़ गोंड़वाना महासभा मध्यप्रदेश, गोंड समाज महासभा जिला इकाई भोपाल के सभी पदाधिकारीगण, सदस्यगण एवं उनके परिवार, गढ़ भोपाल के विभिन्न क्षेत्रों से सगा पाड़ी,एवं नन्हें-मुन्हें कोया पुंगार उपस्थित हुए ।




**भोपाल।** जोन 4 वार्ड 15 टीला जमालपुरा में स्वच्छता का महापौर मालती राय ने निरीक्षण किया। इस दौरान एमआईसी सदस्य आर के सिंह बघेल, क्षेत्रीय पार्षद शैलेश साहू, अपर आयुक्त देवेंद्र चौहान, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भारतीय ज्ञान परंपरा को सहेजने वाला अग्रणी संस्थान है सप्रे संग्रहालय: मंत्री परमार

## सप्रे संग्रहालय के अलंकरण समारोह में दर्जन भर से ज्यादा विभूतियां सम्मानित

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार ने कहा है कि माधवराव सप्रे जी जैसे ज्ञानी महापुरुष सदियों में होते हैं। उन्होंने अपने जीवन काल में अनेक विद्वान गढ़े हैं। यह सभी विद्वान भारतीय ज्ञान परंपरा का ही हिस्सा हैं। इस तरह कह सकते हैं कि सप्रे जी की स्मृति में स्थापित यह संग्रहालय उसी ज्ञान परंपरा को सहेजे हुए हैं। मंत्री परमार मंगलवार को सप्रे संग्रहालय के अलंकरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलगुरु आचार्य डॉ. एसके जैन ने की। समारोह में पत्रकारिता, मीडिया शिक्षा और जनसंपर्क क्षेत्र की करीब दर्जन भर से ज्यादा प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। मंत्री परमार ने कहा कि संग्रहालय में आने का यह पहला अवसर है, अब तक इसके बारे में सुना ही था। यहां आकर अहसास हुआ कि यहां संजोई गई सामग्री शोधार्थियों के लिए बहुत उपयोगी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के जो विश्वविद्यालय यहां से संबद्ध नहीं है उन्हें भी इस संस्थान से जोड़ा जायेगा, ताकि विद्यार्थी इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि सप्रे जी के व्यक्तित्व से नई पीढ़ी को परिचित करवाने के लिए उन्हें पाठ्यक्रम में शामिल कराने के प्रयास होंगे।उन्होंने कहा कि भारत विश्व गुरु रहा है, लेकिन सदियों पहले षडयंत्रपूर्वक भारतीय ज्ञान परंपरा को खारिज किया गया। दुःख की बात है कि आजादी के बाद भी हमारी इस परंपरा के गौरव को पुर्नस्थापित करने की तरफ ध्यान नहीं दिया गया। लेकिन नई शिक्षा नीति में इस तरह के प्रयास किये जा रहे हैं कि आने वाली पीढ़ी यह जान सके कि दुनिया में जिस ज्ञान की खोज के दावे किये जाते हैं, वह भारत सदियों पहले ही जान चुका था।

कुलगुरु आचार्य एसके जैन ने कहा कि भले ही आज डिजिटल का युग है, लेकिन इस माध्यम की भी एक सीमा है। लेकिन पुस्तकों में जो ज्ञान संपदा छुपी हुई है वह अनंत है।




सप्रे संग्रहालय में जो दुर्लभ सामग्री है वह इसी संपदा का अंग है। उन्होंने कहा कि भारत में शोध की असीम संभावना है। सप्रे संग्रहालय जैसे संस्थान इस संभावना की प्रतिपूर्ति में महती भूमिका निभाते हैं।

**वर्ष 2047 तक भारत पुनः बनेगा विश्व गुरु:** मंत्री परमार ने कहा कि नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में मप्र आगे रहा है। देश में ऐसे प्रयास हो रहें कि वर्ष 2030 तक यह पद्धति तैयार हो जाये। इसके दस साल बाद अर्थात 2040 तक यह संपूर्ण रूप से आकार ग्रहण कर लेगी तथा 2047 तक पूरे देश में लागू हो जायेगी। इसके बाद भारत विश्व गुरु बनने की दिशा में बढ़ चलेगा।

सम्मानित विभूतियों की ओर से प्रति उत्तर में 'हुक्मचंद नारद सम्मान' से सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार अतुल तारे ने कहा कि इस सम्मान ने हममें दायित्व बोध जगाया है। हम जिन विभूतियों के नाम से यहां सम्मानित हुये हैं उनकी गरिमा बनी रहे यह हमारे प्रयास होंगे। यह सम्मान हमारे लिए प्रेरक का कार्य करेगा। उन्होंने सप्रे संग्रहालय को एक व्यक्ति की संकल्पशक्ति का परिणाम बतलाया।

समारोह में वरिष्ठ पत्रकार अतुल तारे को 'हुक्मचंद नारद सम्मान', प्रतिष्ठित आचार्य डा. पवित्र श्रीवास्तव, प्राध्यापक माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय तथा डा. अनु श्रीवास्तव, प्राध्यापक एल.एन.सी.टी. विश्वविद्यालय को 'मीडिया शिक्षा सम्मान'से सम्मानित किया गया। संतोष कुमार शुक्ल पुरस्कार' जनसंपर्क अधिकारी राजेश पाण्डेय को प्रदान किया गया। प्रतिभावान पत्रकारों में 'माखनलाल चतुर्वेदी पुरस्कार' मनोज जोशी, 'लाल बलदेव सिंह पुरस्कार' दक्षा वैदकर, 'जगदीशप्रसाद चतुर्वेदी पुरस्कार' सारिका ठाकुर, 'रामेश्वर गुरु पुरस्कार' के लिए दिनेश शुक्ल तथा झाबरमल्ल शर्मा पुरस्कार आशीष दुबे को प्रदान किया गया। इसी तरह प्रकाश भोमरकर एवं रामचन्द्र पाण्डेय को 'जगत पाठक पुरस्कार', मुकेश विश्वकर्मा को 'सुरेश खरे पुरस्कार' और फोटो जर्नलिस्ट अनिल दीक्षित को 'होमी ब्यारावाला पुरस्कार' प्रदान किया गया।

स म्पा द की य

# अदालतों में बढ़ते मामले...

देश में निचली अदालतों से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक यदि लंबित मामलों की संख्या देखी जाए तो पता चलता है कि लाखों केस लंबित हैं और हजारों तो ऐसे हैं, जो सालों से ही नहीं, दशकों से लंबित चले आ रहे हैं। मध्य प्रदेश की बात करें तो हाईकोर्ट में लगभग 4 लाख 62 हजार मामले पेंडिंग हैं। लगातार बढ़ते मामलों के पीछे न्यायाधीशों की कमी का प्रभाव बताया जा रहा है। वर्तमान में हाईकोर्ट में न्यायाधीशों के कुल 53 स्वीकृत पदों में से केवल 33 जज ही कार्यरत हैं। 20 पद अभी भी खाली है। इस साल 2025 में चीफ जस्टिस के साथ 8 जस्टिस रिटायर हो रहे हैं।

पहले मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की बात करते हैं। आज की खबर के अनुसार मुख्य पीठ जबलपुर सहित तीनों पीठों में कुल 4 लाख 62,000 हजार से ज्यादा मामले पेंडिंग हैं। न्यायाधीशों की कमी के कारण एक जज पर औसतन 14 हजार मामलों का बोझ है। लंबित मामलों की बढ़ती संख्या का एक मुख्य कारण न्यायाधीशों के रिक्त पद हैं। हालांकि, नए साल में नए न्यायाधीशों की नियुक्ति की उम्मीद जताई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, हाई कोर्ट कॉलेजियम ने वकीलों के कुछ नाम सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम को भेजे हैं। सुप्रीम कोर्ट की स्वीकृति के बाद ये नाम राष्ट्रपति को भेजे जाएंगे।

कुछ समय पहले मध्य प्रदेश हाई कोर्ट बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी ने केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से मुलाकात कर न्यायाधीशों के रिक्त पदों को भरने की मांग की थी। वहीं, पिछले वर्ष सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम द्वारा भेजे गए कुछ नाम अब भी कानून विभाग के पास लंबित हैं। जिस मुद्दे को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पर उठाया जा रहा है, उससे संबंधित मामले भी जल्दी नहीं निपट पा रहे हैं। यह मामला है नाबालिग बच्चियों के साथ दुष्कर्म का।



दुष्कर्म पीड़ित नाबालिग बेटियों को प्रदेश में न्याय की सबसे बड़ी संस्था से भी न्याय के लिए सालों इंतजार करना पड़ रहा है। मप्र में पिछले 24 साल में पॉक्सो के 4,928 मामले हाई कोर्ट में लंबित हैं। इन मामलों में कुल 5,243 आरोपी हैं। इनमें से 2,650 जेल में बंद हैं, जबकि 2,593 जमानत पर आजाद हैं। यह कुल मामलों का 49.46 प्रतिशत है, जो बहुत अधिक है।

कुछ दिन पहले आए आंकड़ों को देखें तो पता चलता है कि देश के सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों की संख्या रिकॉर्ड 83000 हजार के करीब पहुंच गई है। शीर्ष अदालत में नए मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जबकि पिछले दो वर्षों में लंबित मामलों की संख्या में लगभग 4,000 की वृद्धि हुई है। देश के सभी उच्च न्यायालयों में जहां 2019 में 46.8 लाख मुकदमे लंबित थे, वहीं 2023 तक यह संख्या बढ़कर 62 लाख हो गई थी. इसका मतलब नए मामलों में 33 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई,15 लाख नए मामले जुड़ गए।

देश की निचली अदालतों में हालत तो और भी खराब है। 2019 में निचली अदालतों में कुल लंबित मामले 3.2 करोड़ थे जो 2023 तक बढ़कर 4.4 करोड़ हो गई थी। सबसे ज्यादा केस उत्तर प्रदेश 1.09 करोड़ में पेंडिंग हैं, इसके बाद दूसरा स्थान महाराष्ट्र का है, जहां 49.34 लाख केस पेंडिंग हैं। आंकड़े बताते हैं कि निचली अदालतों में पेंडिंग 70 हजार 587 क्रिमिनल केस 30 साल से ज्यादा पुराने हैं। वहीं, 36 हजार 223 सिविल केस 30 साल से ज्यादा वक्त से पेंडिंग हैं। पिछले 10 साल में सिविल और क्रिमिनल पेंडिंग केस की संख्या जिला स्तर पर 34 लाख से ज्यादा और हाई कोर्ट में 12.5 लाख से ज्यादा है। सुप्रीम कोर्ट में कुल 11 हजार मामले पेंडिंग हैं।

लंबित मामलों प्रभावित सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर विगत 20 अगस्त को सुनवाई की थी। इसमें जस्टिस एस. रवींद्र भट और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच ने कहा था कि एक डेटा के मुताबिक, देश में 6 प्रतिशत आबादी मुकदमेबाजी से प्रभावित है। यह चिंताजनक स्थिति है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने 20 अक्टूबर को पांच साल से ज्यादा समय से पड़े पेंडिंग केस को निपटाने के लिए चीफ जस्टिस को कमेटी बनाने के लिए कहा था, जो लगातार इन पर निगरानी कर सके। कोर्ट का कहना है कि न्याय की उम्मीद से लाखों लोग याचिका दायर करते हैं। सभी लोगों को इंसाफ मिले ये हमारी जिम्मेदारी है। न्याय में देरी से लोगों का अदालत से भरोसा कम होने लगता है।

जब स्वयं सर्वोच्च न्यायालय यह बात कर रहा है तो आम आदमी की स्थिति क्या होगी, यह समझा जा सकता है। मुकदमेबाजी के चलते लाखों परिवार तो रोजी-रोटी से ही मोहताज हो जाते हैं। लोगों की जमीन और घर बिक जाते हैं। लोग कर्जदार हो जाते हैं। कई परिवार तो कर्ज के चलते आत्महत्या तक कर लेते हैं। न्यायालयों की हालत ये है कि जो बंदा एक बार अदालत के चक्कर में उलझा, समझो उसकी जिंदगी उसी में बीत जाती है। कई बार तो दूसरी पीढ़ी भी मुकदमा लड़ने को मजबूर हो जाती है। जमीनों के मामले आज भी पीढ़ियों से चलते आ रहे हैं।

यह सही है कि न्यायाधीशों की कमी के चलते लंबित मामलों की संख्या बढ़ती जाती है, लेकिन केवल न्यायाधीशों की कमी को कहकर इतिश्री नहीं की जा सकती। कहीं न कहीं मामलों को जबरन लटकाने की मंशा भी वकीलों से न्यायाधीशों तक चली जाती है और यह विशुद्ध रूप से व्यवसाय का रूप ले लेती है। एक बड़ा प्रतिशत ऐसे मामलों का भी है, जिन्हें केवल पैसे के लिए लटकाया जाता है। यह दुखद स्थिति है। ऐसी स्थिति को टाला नहीं गया तो न्यायपालिकाओं के प्रति भरोसा बढ़ने के बजाय और उठता चला जाएगा।

# भीषण आग से अमेरिका ही नहीं, दुनिया सबक ले

**ललित गर्ग**

अमेरिका के लॉस एंजेलिस में जंगल की बेकाबू आग फेलने, भारी तबाही, महाविनाश और भारी जन-धन की क्षति ने साबित किया है कि दुनिया की नंबर एक महाशक्ति भी कुदरत के रौद्र के सामने बौनी ही साबित हुई है। न केवल अमेरिका के इतिहास में बल्कि दुनिया के इतिहास यह जंगल की आग सबसे भयावह, सर्वाधिक विनाशकारी एवं डरावनी साबित हुई है। आग धीमी होने का नाम नहीं ले रही है। बल्कि और तेजी से बढ़ती जा रही है और इसका कारण 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाएं हैं। ये हवाएं इस आग को और भड़का रही हैं, तबाही का मंजर बन रही है, जिसे रोकना अमेरिका प्रशासन के लिए एक चुनौती बन गया है। अमेरिकी सेना के सी-130 विमान और फायर हेलीकॉप्टर हर संभव कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हवा की गति और आग की लपटों की ताकत के आगे दुनिया की सबसे बड़ी ताकत के तमाम प्रयास नाकाफी एवं बेबस साबित हो रहे हैं।

अनियंत्रित विकास, पर्यावरण की घोर उपेक्षा एवं भौतिकतावादी सोच इस आग का बड़ा कारण है। खरबों रुपये की संपत्ति और प्राकृतिक संपदा के नष्ट होने के अलावा करीब दो लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। आलीशान बंगलों, सरकारी संरचना तथा नागरिक सुविधा के साधनों के स्वाह होने के साथ करीब 24 लोगों के मारे जाने की खबर है। करीब दो लाख लोगों को घर-बार छोड़कर जाने के लिये तैयार रहने को कहा गया है। अमेरिका संस्कृतिविहीन देश बनता जा रहा है- यह राष्ट्र भौतिक विकास, पर्यावरण उपेक्षा एवं शस्त्र संस्कृति पर सवार है। वहां के नागरिक अपने पास जितने चाहें, उतने भौतिक संसाधन रख सकते हैं। सुविधावादी जीवनशैली के शिखर एवं तमाम सुरक्षा परिस्थितियों में जीने के बावजूद यह देश आज कितना असहाय एवं बेबस है। विकास की बोली बोलने वाला, विकास की जमीन में खाद एवं पानी देने वाला, दुनिया में आधुनिकता, तकनीक एवं विकास की आंधी लाने वाला अमेरिका जब खुद ऐसी भीषण आग की तबाही का शिकार होने लगा तो उसकी नींद टूटी हैं, उसे अपनी असलियत का पता लगा।



दुनिया को सुरक्षा एवं विकास का आश्वासन देने वाला देश आज खुद अपनी रक्षा नहीं कर पा रहा है। वहां के आधुनिक तकनीक से लेस दमकल विभाग व सुरक्षा बलों की तमाम कोशिशों के बावजूद आग बेकाबू है। लोग असहाय होकर अपनी जीवन भर की पूंजी को स्वाह होते देख रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के चलते तल्ख होते मौसम से हालात और खराब होने की आशंका जतायी जा रही है। आग के बाद का जो मंजर नजर आ रहा है उसे देखकर ऐसा लगता है मानो कोई बम गिराया गया हो। विडंबना यह है कि आपदा में अवसर तलाशने वाले कुछ लोग खाली कराये गए घरों में लूटपाट से भी बाज नहीं आ रहे हैं। हॉलीवुड हिल्स इलाके में करीब साढ़े पांच हजार से अधिक इमारतों के नष्ट होने की खबर है। कई नामी फिल्मी हस्तियों के घर, जैसे बिली क्रिस्टल, मैंडी मूर, जेमी ली कर्टिस और पेरिस हिल्टन शामिल हैं एवं व्यावसायिक इमारतें व सार्वजनिक संस्थान आग की भेंट चढ़े हैं। वहां की आस्थाएं एवं निष्ठाएं इतनी जख्मी हो गयी कि विश्वास जैसा सुरक्षा-कवच मनुष्य-मनुष्य के बीच रहा ही नहीं। साफ चेहरों के भीतर कौन कितना बदसूरत एवं उन्मादी मन समेटे है, कहना कठिन है। अमेरिका की विकास की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। ईश्वर की बनायी संरचना में दखल का ही परिणाम है कि प्रकृति इतना रौद्र एवं विध्वंसक रूप धारण किया है।

अमेरिका आज दुनिया में प्रकृति के दोहन, अपराध का सबसे बड़ा अड्डा है और हिंसा की जो संस्कृति उसने दुनिया में फैलाई, आज वह स्वयं उसका शिकार है। अमेरिका के इतिहास में यह जंगल की आग सबसे भयावह साबित हुई है। चिंता की बात यह है कि इलाके में हाल-फिलहाल बारिश होने की संभावना नहीं है, जिससे जंगल की आग जल्दी काबू में आ सकती। एक बड़े इलाके में बिजली आपूर्ति ठप होने व पानी की आपूर्ति में बाधा संकट को और बढ़ा रही है। लोगों को सुरक्षित स्थानों में जाने के लिये अफरा-तफरी से जगह-जगह ट्रैफिक जाम लग रहे हैं। पानी का दबाव कम होने से दमकल कर्मियों को आग बुझाने में परेशानी आ रही है। घोर अव्यवस्था एवं कुप्रशासन फेला है। दरअसल यह आग लॉस एंजेलिस के उत्तरी भाग में लगी, जिसने बाद में कई बड़े शहरों को अपनी चपेट में ले लिया। तेज हवाओं व सूखे मौसम के कारण आग ज्यादा भड़की है। सूखे पेड़-पौधे तेजी से आग की चपेट में आ गए। हालांकि, आग लगने का ठोस कारण अभी तक पता नहीं चला है। हकीकत है कि जंगलों में 95 फीसदी आग इंसानों द्वारा ही लगायी जाती है। वैसे जलवायु परिवर्तन प्रभावों के चलते बदले हालात में अब पूरे साल आग लगने की आशंका बनी रहती है।

अमेरिका दुनिया पर अपना एकछत्र शासन चाहता है। कनाडा, ग्रीनलैंड एवं पनामा को अमेरिका में शामिल करना चाहते हैं। मतलब सीधा सा है जिसकी लाठी उसकी भैंस यानी पावर और पैसे के बल पर खुद को बलवान और सुपरपावर मुल्क समझने वाला अमेरिका एक आग के आगे बेबस नजर आ रहा है। कैलिफोर्निया के दक्षिणी हिस्से में शुरू हुई इस जंगल की आग ने अब लॉस एंजेलिस जैसे बड़े शहर को राख बना दिया है। पैलिसेड्स में 20 हजार एकड़, ईटन में 14 हजार एकड़, कैनेथ में 1000 एकड़, हर्स्ट में 900 एकड़, लिडिआ में 500 एकड़ में आग फैली है। इन इलाके में राख के बारीक कणों व धुएं की चादर के कारण स्थानीय स्वास्थ्य इमरजेंसी घोषित की गई है। लोगों का जीवन इन सभी स्थानों पर दुर्भर हो गया है। लॉस एंजलिस की इस आग ने न केवल जीवन और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है, बल्कि सूखे और जलवायु परिवर्तन के प्रति गंभीर चेतावनी भी दी है। इससे निपटने के लिए दीर्घकालिक समाधान तलाशना बेहद जरूरी है।

आज अमेरिका विकास की चरम अवस्था पार कर चुका है। यह आशंका सदैव बनी रही है कि अनियंत्रित विकास एवं प्रकृति विनाश के प्रति समय रहते नहीं चेतने की कीमत सृष्टि के विनाश एवं मानवता के धंस से चुकानी होती है, धरती का पर्यावरण नष्ट हो जाता है। धरती पर मंडराते इसी संकट का प्रतीक है यह आग। बात बहुत ही सीधी सी है कि जब तक प्रकृति डराती नहीं विकास की राहें ऐसे ही बेतहाशा एवं अनियंत्रित आगे बढ़ती रहती हैं। किंतु जब प्रकृति मुस्कुराना भूल जाए तो वह विकास, विकास नहीं रहता। वहाँ कृत्रिमता दस्तक देने लगती है, धरती करवट बदलने लगती है, अम्बर चीत्कार कर उठता है तब मनुष्य को समझ लेना चाहिए कि अब विनाश की पदचाप सुनाई देने लगी हैं। अपनी राहें सुरक्षित रखने के वास्ते राहों को मोड़ने पर विचार करना चाहिए। ज़िद एवं अहंकार में बाज़ी पलट सकती है, वरना विनाश का दावानल अमेरिका की आग की तरह सब कुछ राख कर देता है।

'मन जो चाहे वही करो' की मानसिकता वहां पनपती है जहां ईश्वर की सत्ता एवं इंसानी रिश्तों के मूल्य समाप्त हो चुके होते हैं, ऐसी स्थिति में शक्तिशाली देश अपनी अनंत शक्तियों को भी बौना बना देता है। यह दकियानूसी ढंग है भीतर की अस्तव्यस्तता को प्रकट करने का। ऐसे देशों एवं लोगों के पास सही जीने का शिष्ट एवं अहिंसक सलीका नहीं होता। वक्त की पहचान नहीं होती। ऐसे लोगों में संतुलित विकास, शांतिपूर्ण सहजीवन, सृष्टि का संतुलन एवं सर्वोच्च ईश्वर सत्ता के प्रति सम्मान आदि का कोई खास ख्याल नहीं रहता। भौतिक सुख-सुविधाएं ही जीवन का अंतिम लक्ष्य बन जाता है। एक राष्ट्र मूल्यहीनता, प्रकृति उपेक्षा एवं अहंकारी सोच में कैसे शक्तिशाली बन सकता है? पक्षी भी एक विशेष मौसम में अपने घोंसले बदल लेते हैं। पर मनुष्य अपनी वृत्तियां नहीं बदलता। वह अपनी वृत्तियां तब बदलने को मजबूर होता है जब दुर्घटना, दुर्दिन या दुर्भाग्य का सामना होता है। अमेरिका की आग पक्षियों के इस संदेश को समझने व समय रहते जागने को कह रही है। इस आग से अमेरिका ही नहीं, समूची दुनिया को सबक लेने की जरूरत है।

# बदलिए ! ग़ुलामी की ओर ले जाती कार्य संस्कृति को

**राकेश दुबे**

समय आ गया है अब नौकरी बनाम परिवार और खुद की जिंदगी के समीकरणों पर बात हो । इससे भारत में औद्योगिक सोच और शोषण की प्रवृत्ति भी स्पष्ट हो जाएगी। यह सवाल भी खुलता जाएगा कि हमारी कंपनियां, अंततः, विश्वस्तरीय क्यों नहीं हैं?

लार्सन एंड टुब्रो (एल एंड टी) एक बहुराष्ट्रीय समूह है और देश की शीर्ष 100 कंपनियों में उसका नाम आता है। कंपनी में 59,000 से अधिक कर्मचारी काम करते हैं। उनके अलावा, दिहाड़ीदार मजदूर भी कंपनी की परियोजनाओं से जुड़े रहते हैं। कंपनी का सालाना टर्नओवर कई लाख करोड़ रुपए का है। ऐसे औद्योगिक समूह के चेयरमैन सुब्रह्मण्यम की इच्छा है कि कंपनी के कर्मचारी सप्ताह में 90 घंटे काम करें। वे रविवार को भी दफ्तर आएं। एक शीर्ष उद्योगपति का यह विचार निरर्थक नहीं हो सकता। उन्होंने बेमतलब ही यह विचार व्यक्त नहीं किया है। बेशक वह अत्यंत प्रतिभाशाली, बौद्धिक, मेहनती, अन्वेषक उद्योगपति हैं, जिन्होंने इतनी बुलंदियां छुई हैं, लेकिन उनकी इच्छा में कई सवाल भी निहित हैं।

कर्मचारी 90 घंटे, सातों दिन, काम करें, लेकिन वेतन वही रहेगा। सालाना बढ़ोतरी भी औसतन 1.7 प्रतिशत ही होगी, लेकिन चेयरमैन का वेतन 51.05 करोड़ रुपए सालाना है। अर्थात 14 लाख रुपए हर रोज..!

उनकी वेतन-वृद्धि भी 43 प्रतिशत है। औसतन कर्मचारी का सालाना वेतन 9.7 लाख रुपए है और महिला कर्मचारी को 6.7 लाख रुपए ही मिलते हैं। दरअसल हमारी चिंता और सरोकार किसी औद्योगिक समूह के कर्मचारियों के वेतन तक ही सीमित नहीं हैं। हम किसी मजदूर आंदोलन के पैरोकार भी नहीं हैं और न ही कथित वामपंथी हैं।

सवाल यह है कि देश के शीर्ष उद्योगपतियों की औसत कर्मचारी को लेकर सोच क्या है? उन्हें कामगार चाहिए अथवा जरखरीद गुलाम चाहिए? बहुराष्ट्रीय कंपनी इंफोसिस के संस्थापक उद्योगति नारायणमूर्ति ने भी कुछ साल पहले बयान दिया था कि यदि देश को तरक्की करनी है, तो कर्मचारियों को सप्ताह में कमोबेश 70 घंटे काम करना चाहिए। एल एंड टी के चेयरमैन की इच्छा 90 घंटे के कर्मचारी की ही नहीं है, बल्कि वह कामगारों के घर में ताक-झांक कर तंज भी कसते हैं-घर में बैठकर क्या करोगे? कितनी देर तक पत्नी को निहारोगे और पत्नी तुम्हें निहारेगी? चलो, दफ्तर आओ और काम करो।

सवाल यह है कि आज का कर्मचारी क्या 'जंगली प्राणी' है, जिसके कुछ पारिवारिक दायित्व ही नहीं हैं? यदि वह सप्ताह में 90 घंटे नौकरी ही करेगा, तो रोजाना की नींद लेने, रोजाना के कार्यों से निवृत होने, नाश्ता और डिनर करने, बच्चों को स्कूल छोडने, बीमार माता-पिता को डॉक्टर तक ले जाने, घर से दफ्तर और दफ्तर से घर लौटने के घंटों के बाद उसके पास अपने लिए कितना समय बचेगा? शायद जिंदगी ही छोटी पड़ जाए!

क्या सुब्रह्मण्यम ने अपनी जिंदगी के बारे में कभी आत्मचिंतन किया है? चिकित्सा के विभिन्न शोधों के निष्कर्ष हैं कि यदि मनुष्य लगातार काम ही करता रहेगा, तो वह हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक, मानसिक असंतुलन सरीखी बीमारियों का शिकार हो सकता है। एक रपट के मुताबिक, भारत में करीब 62 प्रतिशत लोग बर्नआउट (तनाव) का शिकार होते हैं। हमारे श्रम-कानून में भी प्रावधान है कि कामगार से सप्ताह में 48 घंटे से अधिक श्रम नहीं करा सकते, लिहाजा जो सुब्रह्मण्यम ने कहा है, क्या वह कानून का उल्लंघन नहीं है? एल एंड टी समूह के जानकार विशेषज्ञों का कहना है कि कंपनी में जो कर्मचारी फील्ड, साइट पर काम कर रहे हैं, वे औसतन 12 घंटे हर रोज से ज्यादा काम कर रहे हैं। यदि एक रविवार को काम किया, तो कर्मचारी अगले रविवार भी आधा दिन काम करेगा। यह कैसी कार्य-संस्कृति है?

# परिवर्तन की पथप्रदर्शक: भारतीय मूल की महिलाएँ जो वैश्विक राजनीति और समुदायों को आकार दे रही हैं

**संदीप भूतोड़िया**

इतिहास में महिलाओं की राजनीति में भागीदारी हमेशा दृढ़ता, दृष्टि और चुनौतियों के बीच नेतृत्व करने की क्षमता का प्रमाण रही है। हाल ही में कैलिफ़ोर्निया की यात्रा के दौरान, मुझे चार अद्भुत महिलाओं से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जिनकी कहानियाँ इस भावना का प्रतीक हैं। इन मुलाकातों ने मुझे वैश्विक राजनीति में भारतीय मूल की महिलाओं के व्यापक प्रभाव पर विचार करने के लिए प्रेरित किया, जो केवल भागीदार नहीं हैं, बल्कि शासन, नीति और सामुदायिक नेतृत्व में बदलाव लाने वाली प्रमुख हस्तियां भी हैं। उनका सफर दृढ़ संकल्प का प्रतीक है और उनके प्रभाव ने उन क्षेत्रों से परे गूंज पैदा की है, जिन्हें वे प्रतिनिधित्व करती हैं। यह प्रतिनिधित्व और समावेशन की परिवर्तनकारी क्षमता का प्रतीक है।

एक ऐसी दुनिया में, जहाँ महिलाएँ अभी भी नेतृत्व में प्रणालीगत बाधाओं का सामना करती हैं, राजनीति में भारतीय मूल की महिलाओं का योगदान आशा की किरण के रूप में उभरता है। अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस जैसी हस्तियाँ इस प्रभाव का प्रतिनिधित्व करती हैं। दक्षिण एशियाई और अफ्रीकी-अमेरिकी विरासत का संयोजन करने वाली हैरिस वैश्विक राजनीति में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर हैं। उनका कार्यकाल यह दर्शाता है कि न्यायसंगत नीतियाँ तैयार करने और भावी पीढ़ियों को प्रेरित करने में विविध आवाज़ों का महत्व कितना बड़ा है।



इसी तरह, निक्की हेली, जो संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत रही हैं, और चंद्रिका टंडन, परोपकारी और व्यावसायिक नेता, भारतीय मूल की महिलाओं द्वारा राजनीतिक और नागरिक क्षेत्रों में दिए गए योगदान की विविधता को प्रदर्शित करती हैं। ये पथप्रदर्शक नेतृत्व भूमिकाओं में बढ़ती विविधता और समावेशन के व्यापक चलन का उदाहरण हैं।

कनाडा की अनीता आनंद, जिन्होंने राष्ट्रीय रक्षा मंत्री के रूप में सेवा दी, और मलेशिया की पूर्व उपमंत्री कस्तूरी पट्टो, जो मानवाधिकार और लैंगिक समानता की वकालत करती हैं, जैसे अन्य उल्लेखनीय नेता न केवल अपने समुदायों का प्रतिनिधित्व करती हैं बल्कि एक समावेशी और परिवर्तनकारी वैश्विक राजनीतिक संवाद को आकार देने में योगदान देती हैं।

ज़ील अहीर जैसे युवा नेता, जिन्हें कैलिफ़ोर्निया के आर्टेशिया सिटी काउंसिल के लिए चुना गया, अपने सांस्कृतिक मूल और प्रगतिशील कार्यों के एकीकरण का प्रतीक हैं। मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर उनके प्रयास, विशेष रूप से दक्षिण एशियाई प्रवासियों के बीच, सामाजिक कलंक को चुनौती देते हैं। उनके नेतृत्व में पर्यावरणीय स्थिरता और सामुदायिक विकास के लिए शुरू किए गए कार्यक्रम एक बड़ी वैश्विक प्राथमिकता के अनुरूप हैं।

इसी तरह, जेनिफर राजकुमार, न्यूयॉर्क स्टेट असेंबली के लिए चुनी जाने वाली पहली दक्षिण एशियाई महिला, बाधाओं को तोड़ने की प्रेरक कहानी प्रस्तुत करती हैं। उनके प्रयास, जैसे दिवाली को मान्यता प्राप्त स्कूल अवकाश बनाना, सांस्कृतिक प्रतिनिधित्व और समावेशन की दिशा में उनके समर्पण को दर्शाते हैं।

ब्रिटेन में, प्रीत कौर गिल, जो पहली महिला सिख सांसद हैं, सामाजिक न्याय और समानता की पैरवी में अग्रणी रही हैं। उनके कार्य, जैसे सार्वजनिक स्वास्थ्य और अंतरराष्ट्रीय विकास में सुधार, समावेशी नीति निर्माण के लिए मानक स्थापित करते हैं।

भारतीय मूल की इन महिलाओं का योगदान इस बात पर जोर देता है कि कैसे विविध पृष्ठभूमि और अनुभव वैश्विक नेतृत्व को समृद्ध कर सकते हैं। उनकी सफलता पारंपरिक रूढ़ियों को चुनौती देती है और नई पीढ़ियों को प्रेरित करती है कि वे नेतृत्व की भूमिका में खुद को देखें।

जब मैं उनके अनुभवों पर विचार करता हूँ, तो यह स्पष्ट होता है कि नेतृत्व केवल पद धारण करने के बारे में नहीं है, बल्कि बदलाव लाने, मानदंडों को चुनौती देने और समावेशी भविष्य बनाने के बारे में है। भारतीय मूल की ये महिलाएँ दिखाती हैं कि सांस्कृतिक पहचान और वैश्विक दृष्टि का मेल कैसे शक्तिशाली परिणाम ला सकता है।

कमला हैरिस, निक्की हेली, अनीता आनंद, ज़ील अहीर, जेनिफर राजकुमार, पम गोसल, पूनम गुप्ता, प्रीत कौर गिल, प्रीति पटेल, और कस्तूरी पट्टो जैसी नेता यह साबित करती हैं कि एक उज्जवल और न्यायपूर्ण दुनिया के लिए साहस, दृढ़ विश्वास और सेवा की भावना कितनी महत्वपूर्ण है। उनके योगदान न केवल उनके समुदायों में बल्कि पूरे विश्व में गूंजते हैं, यह संदेश देते हुए कि नेतृत्व लिंग और पृष्ठभूमि से परे है और हर आवाज़ को सुने जाने का अवसर मिलना चाहिए।

संदीप भूतोड़िया का परिचय

चूरू, राजस्थान में जन्मे और कोलकाता में बसे संदीप भूतोड़िया ने पिछले 25 वर्षों से जनकल्याण, अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक सहयोग, और भारतीय कला के प्रचार-प्रसार एवं संरक्षण को समर्पित किया है। वे शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए विभिन्न परियोजनाओं से जुड़े हैं और कई संगठनों में प्रमुख भूमिकाएँ निभाते हैं। एक स्तंभकार और लेखक के रूप में भूतोड़िया पर्यावरण, शिक्षा, और वन्यजीव संरक्षण के प्रति बेहद सजग और प्रतिबद्ध हैं।

# कांग्रेस: महज राजनीतिक दल नहीं एक आंदोलन



**—संगीता शर्मा**

भारतीय लोकतंत्र में स्थापित सभी राजनीतिक दलों की अपनी एक भूमिका और स्थान है जिसे वो समय समय पर रेखांकित करते हुए अपनी जिम्मेदारी को निभाते हैं। भारत के लोकतंत्र में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस भी एक प्रमुख राजनीतिक दल के रूप में विद्यमान है, जिसका इतिहास ही भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने से जुड़ा है। इसीलिए कांग्रेस को महज एक राजनीतिक दल ही नहीं आंदोलन के रूप में माना जाता है। यह बात अलग है कि समय के प्रवाह में बदलते वक्त के कारण यह आंदोलन बहुरूपियों की सियासी षड़यंत्र का हिस्सा बनता जा रहा है। कांग्रेस की स्थापना 28 दिसम्बर 1885 को हुई थी, और इसके संस्थापकों में ए ओ ह्यूम, दादा भाई नौरोजी और दिनशा वाचा जैसे दिग्गज शामिल थे।

अपने गठन के समय से लेकर आज तक कांग्रेस का उद्देश्य हमेशा साफ रहा है। कांग्रेस पार्टी और उससे जुड़े नेताओं, आम जनमानस की करनी और कथनी में कोई अंतर नहीं रहता है। तब गठन के समय कांग्रेस पार्टी का मुख्य उद्देश्य भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को मजबूत करना और ब्रिटिश शासन से मुक्ति पाना था। अब कांग्रेस झूठे वादों और आश्वासनों के मकड़जाल में उलझी देश की साधारण जनता को उन सियासी मायावियों के चंगुल से आजाद कराने में संघर्षरत है जो उसे मुफ्त के नाम पर मानसिक बीमार बनाने में कोई गुरेज नहीं कर रहे।

जो जनता को मानसिक गुलाम बनाने के अपने षडयंत्र में कुछ हद तक सफल होते नजर आ रहे हैं।चंद रुपयों के बदले ये धोखेबाज जनता के सभी मौलिक अधिकारों को कुचल रहे हैं। उसे अपने प्रिय औद्योगिक घरानों के पास गिरवी रख रहे हैं।

आजादी से लेकर अब तक इस पार्टी ने कई महत्वपूर्ण नेताओं को जन्म दिया, जिनमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू, और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी शामिल हैं।

लाल बहादुर शास्त्री एक महान नेता थे जिन्होंने कांग्रेस पार्टी के लिए बहुत कुछ किया। उनका जन्म 2 अक्टूबर 1904 को वाराणसी में हुआ था, और उन्होंने अपनी शिक्षा काशी विद्या पीठ में प्राप्त की। शास्त्री जी ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया और कई बार जेल गए ।

कांग्रेस पार्टी का वर्चस्व 1952 से 1967 तक लगातार भारतीय राजनीति में बना रहा। इसके बाद कुछ बहकावे से उपजे बदलाव के अंकुर रूप में नए राजनीतिक दल सामने आए पर कांग्रेस की जड़ों में पैठ के कारण बहुत जल्द जनता को उनका मकसद समझने में देर नहीं लगी। इस पार्टी को अपना वर्चस्व बनाने में सफलता इसलिए प्राप्त हुई कि राष्ट्रीय आंदोलन के समय उसे सभी वर्गों का समर्थन प्राप्त था। इसके अलावा, कांग्रेस पार्टी का देशव्यापी संगठनात्मक ढांचा भी इसकी सफलता का एक महत्वपूर्ण कारण था।

आजादी के बाद कांग्रेस पार्टी ने भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कांग्रेस पार्टी ने कई महत्वपूर्ण नेताओं को जन्म दिया है और इसके नेतृत्व में भारत ने कई महत्वपूर्ण आर्थिक और सामाजिक सुधार किए हैं। आज उन्हीं आर्थिक सुधारों के कारण भारत एक मजबूत पायदान पर दुनिया के सामने अपनी बादशाहत का झंडा लहरा रहा है। लोगों की मौत पर खुद के लिए जमीन तैयार करने में माहिर चंद नेता आज जरूर कांग्रेस की सोच या नियति पर सवाल उठा रहे हैं पर एक बार वो अपने गिरेबान की तरफ बस झांक ही लेते तो लोगों के सामने न झूठ परोसने की हिम्मत होती और जरूरत।

कहते हैं बदलाव प्रकृति का नैसर्गिक सिद्धांत है, इसलिए राजनेताओं की सोच और कार्य व्यवहार भी समय के पहिए की तरह बदलाव का हिस्सा बनता गया। यही वजह रही कि कांग्रेस पार्टी से जुड़े नेताओं की टूटन से पार्टी का वर्चस्व समय के साथ कम होता गया है। वर्ष 1967 के बाद विपक्षी दलों ने बीच-बीच में कांग्रेस पार्टी को चुनौती देना शुरू किया और 1989 के बाद राष्ट्रीय पटल पर हुए कुछ सियासी घटनाक्रम से बदली हुई परिस्थितियों में कांग्रेस के सामने क्षेत्रीय पार्टियों की नई चुनौती सामने आई। हालांकि पूर्व प्रधानमंत्री स्व पी.वी. नरसिंहराव और स्व मनमोहन सिंह के रूप में कांग्रेस ने एक अच्छी वापसी के साथ अपने वर्चस्व की कायमी को पुनर्स्थापित किया।

विगत एक दशक से कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष के रूप में तो कुछ राज्यों में सत्तारूढ़ होकर भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रही है। इसके नेतृत्व में भारत ने कई महत्वपूर्ण आर्थिक और सामाजिक सुधार किए हैं। आज भी यह पार्टी भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण शक्ति बनी हुई है।

हालांकि वर्तमान में केंद्र में सत्तारूढ़ दल रोज नए षड्यंत्र करके कांग्रेस और उसके शीर्ष नेतृत्व की छवि धूमिल करने की असफल कोशिश कर रहा है।लेकिन देश की जनता ,उसे दिए जा रहे धोखे को समझने लगी है।वह फिर कांग्रेस की ओर आशा भरी नजरों से देख रही है।देश की जनता ही कांग्रेस के खिलाफ षड्यंत्रों का मुंहतोड़ जवाब देगी।जल्दी ही कांग्रेस फिर शिखर पर होगी।आज से कांग्रेस पार्टी दिल्ली के नए कार्यालय से नए युग की शुरुआत करेगी ।

**पूर्व सदस्य, मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग**
**प्रदेश प्रवक्ता, मध्यप्रदेश कांग्रेस**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# मुख्यमंत्री व केन्द्रीय मंत्री आज लोकार्पण, शिलान्यास व हितलाभ का करेंगे वितरण

## कई विकास कार्यों की मिलेगी सौगात



**सांध्य प्रकाश, विदिशा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज बुधवार 15 जनवरी को विदिशा की पुरानी कृषि उपज मंडी प्रागंण में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित और निर्माण कार्यो का लोकार्पण, शिलान्यास और विभिन्न योजनाओं से लाभांवित होने वाले हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न योजनाओं से लाभांवित होने वाले हितग्राहियों को प्रतीक स्वरूप हितलाभ का वितरण विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को करेंगे कि जानकारी देते हुए कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बताया कि पीएमएवाय गृह प्रवेश एक समूह के पांच हितग्राहियों को चाबी वितरण प्रमाण पत्र, पीएमएवाय के पांच हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र, लखपति दीदी के एक समूह की दस हितग्राहियों को प्रमाण पत्र करेंगे। इसके अलावा विभिन्न योजनाओं से लाभांवित होने वाले हितग्राहियों को व्यवसाय संचालन हेतु ऋण स्वीकृति के पत्र प्रदाय करेंगे, उनमें सीसीएल के तहत मातादी स्व-सहायता समूह गोबरहेला को कृषि आधारभूत संरचना निधि योजना के तहत सोर्टेक्स यूनिट संचालन हेतु प्रो. गिरिराज फूड प्रोडक्टस के यश शर्मा को और प्रो. राधेश्याम वेयर हाउस की श्रेया को चेक वितरण करेंगे।

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य एवं उद्यम उन्नयन योजना के तहत चिप्स व नमकीन उद्योग स्थापित करने हेतु अमित जैन को लोन स्वीकृति पत्र, मध्यप्रदेश एमएसएमई प्रोत्साहन योजना के तहत प्रोपरायटर मै बालाजी राईस मिल के रितिक मीना को राईस मिल गतिविधि संचालन के लिए स्वीकृत ऋण राशि का चेक वितरित करेंगे वहीं बकरी पालन के लिए श्रीमती अनवर जहां पति कादिर खान और डेयरी व्यवसाय के लिए हितग्राही संबल सिंह को स्वीकृति पत्र मौके पर प्रदाय करेंगे। शेष अन्य हितग्राहियों को स्टॉलो पर स्वीकृति पत्र प्रदाय किए जाएंगे।

### विकास कार्यो की सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान कार्यक्रम स्थल पर जिले में 177.53 करोड़ की लागत से कराए जाने वाले निर्माण विकास कार्यो की सौगात देंगे जिसमें 53.52 करोड़ की लागत से बनाए जाने वाले निर्माण कार्यो का भूमि पूजन तथा 124.01 करोड़ लागत से पूर्ण कराए गए निर्माण कार्यो का लोकार्पण करेंगे।

### गृह प्रवेशम व आवास स्वीकृतियां

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान कार्यक्रम स्थल पर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत कुल 3932 लाभांवित हितग्राहियों को गृह प्रवेशम कराएंगे जिसमें पीएम जनमन योजना से लाभांवित हितग्राहियों की संख्या 3183 और आवास प्लस योजना के 749 हितग्राही शामिल है। इसके अलावा 11716 हितग्राहियो को आवास स्वीकृतियां प्रदाय की जाएगी जिसमें पीएम जनमन के 3094 व आवास प्लस के 8622 हितग्राही शामिल है।

### लखपति दीदी

विदिशा जिले में निर्धारित मापदण्डो की पूर्ति के आंकलन उपरांत विभिन्न योजनाओं से लाभांवित होने वाली 44981 लखपति दीदीयों को प्रमाणीकरण पत्र प्रदाय किए जाएंगे। जिले में मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत विकासखण्डवार लखपति दीदीयो की संख्या तदानुसार विदिशा में 7824, बासौदा में 5027, ग्यारसपुर में 6311, कुरवाई में 6465, लटेरी में 6697, नटेरन में 6432 और सिरोंज विकासखण्ड में 6225 लखपति दीदीयों को प्रमाण पत्र प्रदाय किए जाएंगे।

### आवेदनों की स्वीकृति

मुख्यमंत्री जनकल्याण के अंतर्गत जिले में प्राप्त कुल 55189 आवेदनों की स्वीकृतियां प्रदाय की जाएगी जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के 46571 व शहरी क्षेत्र के 8618 आवेदन शामिल है।

## भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने हजारों की संख्या में भोजपुर पहुँचे श्रद्धालु



औबेदुल्लागंज (संवाददाता)। मकर संक्रांति पर्व पर मध्यप्रदेश के सोमनाथ कहे जाने वाले भोजपुर शिवालय के दर्शन करने हजारो की संख्या में श्रद्धालु भोजपुर पहुँचे और भोलेनाथ के विशाल शिवलिंग की पूजा अर्चना कर दर्शन किये। श्रद्धालुओ की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने भी चाक चौबंध व्यवस्था करी और 100 पुलिस के जवानों के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ ,एन सी सी केडेट्स की भी डियूटी लगाई गई। पुलिस ने मंदिर से 1 किलोमीटर दूर पार्किंग की व्यवस्था की जिससे की श्रद्धालुओ को आवागवन में परेशानियों का सामना न करना पड़े तो वही दर्शनार्थियों के लिए महिला व पुरुषो की अलग अलग लाईन बनाई गई। बजुर्ग लोगो के दर्शन के लिए प्रशासन द्वारा ई रिक्शे की व्यवस्था की गई,दर्शन करने आये श्रद्धालुओ ने प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्था की सराहना की तो भगवान भोलेनाथ के आराम से दर्शन किये। हर साल हजारो की संख्या में श्रद्धालु आते है। मकर संक्रांति की पूर्व संध्या पर बाबा भोलेनाथ का महंत पवन गिरी द्वारा रुद्राभिषेक कर दिव्य एवं भव्य श्रृंगार किया गया बाबा भोलेनाथ सम्पूर्ण जगत पर अपनी असीम कृपा बनाये रखे ।

## लोहड़ी का त्योहार नगर के सभी गुरुद्वारों में हर्षोल्लास से मनाया गया



ओबेदुल्लागंज (संवाददाता)- पंजाबियों का मुख्य त्योहार उत्सव लोहड़ी 13 जनवरी सोमवार को नगर औबेदुल्लागंज में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया,, इसमें पंजाबी सिख समाज,भावलपुरी समाज,सिंधी समाज,बंजारा समाज,औड राजपूत समाज,राय सिक्ख समाज ने एकत्रित होकर सभी ने धूमधाम से मनाया,, वार्ड नं 10 में संत संतोखसिंह जी भजनगढ़ गुरुद्वारा ओबैदुल्लागंज में कथाकार जगजीत सिंह (जीते भैया) ने बताया है कि यह त्यौहार पंजाब के निवासी दुल्ला भट्टी वाले नाम के नागरिक ने एक गरीब ब्राम्हण परिवार की दो बच्चियों को अपने गोद लेकर उनका विवाह करवा दिया था ,, दुल्ला के इस कार्य से ब्राम्हण परिवार और पूरे गांव के अंदर खुशियों की लहर दौड़ गई थी,, इस त्यौहार मै बच्चै, बच्चियां ,माता बहनैं पंजाबी नृत्य कर बडी खुशीआं मनाती हैं इस त्यौहार पर सब आपस मैं एक दूसरें को लौहड़ी की बधाईआं देते नजर आतै हैं ।

## हाजियों के पवित्र शहर मक्का मदीना में हज यात्रा के दौरान रुकने के सम्बन्ध में ज्ञापन सौंपा




सिरोंज। सिरोंज से हज 2025 मे हज यात्रा पर जा रहे हाजियो को पवित्र शहर मक्का मदीना मे हज यात्रा के दौरान रुकने के सम्बन्ध मे हज ट्रैनर एवं ख़ादिमूल हुज्जाज एडवोकेट जुनैद खान ने टोंक स्टेट के साहबज़ादे अफ्फु साहब और साहबज़ादे राहिल साहब से मुलाक़ात कर हाजियो के आवेदन सौंप कर सिरोंज लटेरी के सभी हाजियो को रुबात देने की गुज़ारिश की ज्ञात रहे की टोंक स्टेट की बेगमात ने मक्का मदीना मे रुबात (धर्मशाला ) का निर्माण करवाया था जिसका उद्देश्य हज यात्रा के दौरान टोंक स्टेट के हाजियो को निशुल्क रुकने था जिसमे रुकने से वर्तमान समय मे एक हाजी को लगभग अस्सी हज़ार रूपये की बचत होती हे सिरोंज टोंक स्टेट का बड़ा परगना (ज़िला )था इस कारण सिरोंज लटेरी से हज यात्रा पर जाने वाले हाजियो को भी रुबातो मे रुकने का मौक़ा मिलता चला आ रहा हे कोरोना महामारी के कारण रुबाते बंद रही जो की पिछ्ले साल से दुबारा खुल गयी हे और सहाबज़ादे राहिल साहब ने इस बार सभी हाजियो को रुबाते मिलने का भरोसा दिलाया इस दौरान मास्टर हबीब साहब हकीम फ़ारूक़ बेग, अब्दुल रहीम मंसूरी, मौलवी अब्दुल अलीम मंसूरी मौजूद रहे।

### गौ माता की सेवा हमारा सबसे बड़ा लक्ष्यः पटेल

## विधायक ने मंत्री से की बैरसिया में गौ अभ्यारण बनाने की मांग



बैरसिया। नगर के बर्रीछीर खेड़ा स्थित जैन समाज द्वारा संचालित आचार्य श्री विद्यासागर गो संवर्धन केंद्र पर प्रदेश के पशुपालन एवं डेरी विभाग के मंत्री लखन पटेल मंगलवार को बैरसिया पहुंचे थे जहां पर संचालित गौशाला मैं भगवान महावीर जीव चिकित्सा केंद्र एवं आधुनिक रूप से बनाई गई ट्रॉली पशु वाहन का लोकार्पण किया नगर के बर्रि छिरखेड़ा पर संचालित गौशाला में इस समय 1000 से अधिक पशुओं को पालन किया जा रहा है और आने वाले समय में गौशाला को आधुनिक बनाने एव गो सेवा के लिये समिति द्वारा काफी प्रयास किया जा रहे हैं वहीं कार्यक्रम में मध्य प्रदेश सरकार पशु पालन एवं डेरी विभाग के मंत्री लखन पटेल ने कहा कि हम 6 जिलों में गोवंश को सड़कों से हटाने के लिए काम कर रहे हैं। 1 जुलाई से लेकर अब तक 4370 गोवंश को गोशालाओं में भेजा है। मंत्री ने कहा, इतना पर्याप्त नहीं है, यह बात मैं मानता हूं। हमने अलग-अलग जिलों से प्रस्ताव मंगाए हैं। जहां 200 एकड़ से लेकर 500-1000 एकड़ तक जमीन उपलब्ध है, वहां हम गो वन्य विहार बना रहे हैं।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान द्वितीय चरण अंतर्गत शिविर संपन्न

**छतरपुर।** नगरपालिका छतरपुर निकाय अंतर्गत मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान द्वितीय चरण के तहत 22 जनवरी 2025 तक हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए सोमवार को ग्रीन एवेन्यू कॉलोनी के सामने सटई रोड छतरपुर में शिविर लगाया गया। शिविर में केन्द्र और राज्य सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं से शत-प्रतिशत हितग्राहियों को सैचुरेशन किया जाना है। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान द्वितीय चरण के तहत पात्र हितग्राहियों को केंद्र और राज्य सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रदाय किया गया। वार्ड स्तर संपर्क दल घर-घर सर्वे कर सभी पात्र हितग्राहियों लाभान्वित किया जा रहा है। शिविर में आयुष्मान योजनांतर्गत 70 वर्ष या इससे अधिक आयु वर्ग के नागरिकों के कार्ड बनाए गए। साथ ही लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत पात्र माता-पिता को लाड़ली लक्ष्मी प्रमाण पत्र एवं संबल कार्ड वितरित किए गए।

एसबीआई एफएलसी हरिशचन्द्र नापित ने बताया भारत सरकार द्वारा संचालित योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा जरूर कराएं। साथ ही बचत बैंक खाता में नॉमिनी जरूर कराएं और वित्तीय धोखाधड़ी के संबंध में जानकारी दी।

इस दौरान नगरपालिका उपाध्यक्ष विकेन्द्र वाजपेयी, पार्षद शिवसिंह यादव, रामप्रसन्न शर्मा, एसबीआई लीड बैंक अधिकारी रविशंकर सिन्हा, सिटी मिशन मैनेजर सीपी गुप्ता, महिला बाल विकास से सुपरवाईजर ज्योति तिवारी, रामसिंह राय, राजेंद्र नापित, गणेश ताम्रकार, सुरेंद्र निगम, सुनील पुष्पक, पुष्पेन्द्र यादव, अधिकारी-कर्मचारी सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

## देश का संविधान संकट में, देश एवं प्रदेश का किसान बेहालः जीतू पटवारी

### पतंग उड़ाकर, तिल के लडडू से मनाया मकर संक्रांति पर्व

**आष्टा ।** भारतीय जनता पार्टी एवं उसके बडे बडे नेता बाबा साहब अंबेडकर का मजाक उडा रहे हैं। देश के गृह मंत्री अमित शाह संवैधानिक पद् पर आसीन होकर पवित्र स्थान संसद में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की मजाक उडा रहे हैं। देश का संविधान एवं लौकतंत्र दोनो संकट में हैं। कांग्रेस पार्टी संविधान की रक्षा के लिए सडको पर आकर आंदोलन कर रही हैं। भारतीय जनता पार्टी नीत गठबंधन देश के किसान, मजदूर वर्ग के प्रति उदासीन हैं। देश का किसान अपनी जायज मांगो को लेकर पिछले कई वर्षो से आंदोलन कर रहा हैं। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जो अब देश के कृषि मंत्री हैं। मध्यप्रदेश के किसानो से झूठ बोलकर उन्हे 2700 रूपये गेहूँ के दाम व धान के 3100 रूपये प्रति क्विंटल दाम देने की झूठी घोषणा की जो आज तक पूरी नही हुई हैं। प्रदेश का 80 प्रतिशत किसान कर्ज में हैं। प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार केवल फोटो विज्यूल सरकार बन कर रह गई हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री लगातार झूठ बोल रहे हैं। कांग्रेस किसानो के दर्द को बार बार उठा रही हैं, परंतु प्रदेश के किसानो की पीडा प्रदेश सरकार एवं केन्द्र सरकार नही सुन रही हैं। न्यूनतम समर्थन मूल्य की किसानो की मांग जायज हैं। जिसे माना जाना चाहिए। कमलनाथ सरकार ने प्रदेश के किसानो के ऋण माफी की योजना चलाई थी इस योजना को भाजपा सरकार ने अधूरी छोड दी। फिर से चालू करने की मैं प्रदेश एवं केन्द्र के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मांग करता हूॅ। देश का किसान अपनी मांगो को लेकर मरने पर मजबूर हो रहा हैं। उक्त आशय के उद्गार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पूर्व नगरपालिका एवं सीहोर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश परमार के आवास पर आष्टा प्रवास के दौरान पत्रकारो से चर्चा करते हुए व्यक्त किए। पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि देश का संविधान खतरे में हैं। मजदूर, किसान, महिलाओं पर अत्याचार हो रहा हैं। कांग्रेस देश के संविधान एवं लौकतंत्र की रक्षा के लिए कृतसंकल्पित हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने आगामी 27 जनवरी को डॉ अम्बेडकर नगर महू में राहुल गांधी जी की संविधान बचाओ सभा में सभी कांग्रेसजनो से सम्मिलत होने की अपील की। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मकर संक्राती की सभी को शुभकामनाऐं देते हुए पतंग उड़ाकर कहा की सनातन संस्कृति तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण से आज स्थिति परिवर्तन का दिन है। हम लोगों ने आज अभी यही पतंग उड़ाई, तिल के लड्डू खाए, खिलाए यह सब प्रेम के वातावरण हेतु कर मकर संक्रांति की पूजा कर रहे।



### अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन

## पुलिस ग्राउंड में डे नाइट 7 साइट हाकी टूर्नामेंट




सिवनी- हॉकी की नर्सरी कहे जाने वाली सिवनी जिला मुख्यालय के पुलिस ग्राउंड में 15 जनवरी से अखिल भारतीय 7 साइट हॉकी टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। जिसमें देश के हर हिस्से की टीमें भाग लेंगी। यह टूर्नामेंट नॉकआउट पद्धति से होगा। आयोजन समिति के सचिव संतसिंह राजपूत ने बताया कि यह टूर्नामेंट स्व. देवेंद्र सिंह राजपूत, यावेश होलू एवं आदिल रशीद खान की स्मृति में आयोजित है। जो डे नाइट होगा। इसमें नॉकआउट पद्धति से सेवन ए साइड मैच होंगे। इसमें जिले की पांच टीमों के अलावा मुंबई, झांसी, औरंगाबाद, रायपुर, भोपाल, इटारसी, मंदसौर, जबलपुर %बालाघाट, कंटनी, नागपुर अमरावती, गोंदिया, नांदेड़, ब्रह्मपुरी, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर नरसिंहपुर एवं सागर सहित अन्य टीमें भाग लेंगी। प्रत्येक टीम में अधिकतम 10 खिलाड़ी ही रहेंगे। समिति सचिव ने बताया कि सभी टीम 14 जनवरी तक सतीश राजपूत एवं दिनेश उसेराठे के पास खिलाड़ी की सूची जमा हो जाएगी। टूर्नामेंट के दौरान 21 एवं 22 जनवरी को सीनियर हॉकी खिलाड़ी (उम्र 50 वर्ष) की टीम में भी अपने मैच खेलेंगी इसमें नागपुर, जबलपुर, बालाघाट एवं सिवनी की टीम में शामिल हैं। खेल प्रेमियों से इस उपस्थित की अपील की गई है।

### मकर संक्रांति पर मां बैनगंगा को भेंट की चुनरी

## सभी के सुख, शांति एवं समृद्धि के लिए की कामनाए



सिवनी- सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने पतित पावनी मां बैनगंगा को चुनरी भेंट कर सभी के लिए मंगल कामनाएं किया। आज मकर संक्रांति पर्व के पावन अवसर पर लखनवाड़ा स्थित बैनगंगा के तट पहुंचकर विधायक दिनेश राय ने विधी विधान से पूजन-अर्चन कर दुग्धाभिषेक किया। तत्पश्चात ओम गंगाये नमः जाप के साथ जीवन दायिनी मां बैनगंगा को श्रद्धापूर्वक चुनरी समर्पित किया। तथा भव्य महाआरती कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस दौरान विधायक दिनेश राय मुनमुन ने मां बैनगंगा से सभी के स्वस्थ जीवन, सुख-शांति एवं समृद्धि की मंगल कामनाएं किया। इस अवसर पर सुश्री संस्कृति जैन जिला कलेक्टर, सुनील मेहता जिला पुलिस अधीक्षक, मेघा शर्मा एसडीएम, पूजा पाडे एसडीओपी, श्रीमती राधा बाई बघेल सरपंच लखनवाड़ा, श्याम मिलन पांडे, अटल बघेल, तरुण मुनिया टांक संयोजक अटल विचार मंच, घनश्याम बघेल, सुरेन्द्र माल्या, देवेन्द्र बघेल उपसरपंच, लकी शर्मा, स्वेता मिश्रा, रुक्मणी सनोडिया, अनुराधा ठाकुर, देवेन्द्र राठौर, रघुराज पटेल, रामेश्वर पटेल, राजेन्द्र पहलवान, हरिप्रसाद बघेल, संतोष वर्मा, बालकृष्ण बघेल सहित बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं की गरिमामय उपस्थिति रही। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन ने छिंदवाड़ा रोड स्थित संजय बघेल के निवास पहुंचकर आयोजित भण्डारें मे श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।

### मकर संक्रांति पर कांग्रेस ने पतंग प्रतियोगिता

**सिवनी-** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मंकर संक्रान्ति के अवसर पर पॉलिटेक्निक ग्राउंड में पतंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इस प्रतियोगिता में सैकड़ों पतंग प्रेमियों ने हिस्सा लिया। दिन भर चले पतंग बाजी के मुकाबले में सीनियर वर्ग में प्रथम पुरूस्कार अमान खान, द्वितीय पुरूस्कार अक्षय सोनी, तृतीय पुरूस्कार पियुष कान्ड्रा, इसी तरह जूनियर वर्ग में क्रमशः दिलशान खान, आर्यनसिंह परिहार, शंशाक को मिला। जूनियर एवं सीनियर वर्ग में अनेक सांत्वना पुरूस्कार भी दिये गये। पतंग प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए विपिन यादव, शक्तिसिंह जाडेजा, जयप्रकाशसिंह परिहार, सुशील ठाकुर, आबिद हुसैन, नमन चौरसिया, अतीक आलम, सांकेत नेमा का विशेष सहयोग रहा। पुरूस्कार वितरण में प्रसन्नचंद मालू, ब्रजेशसिंह लल्लू बघेल, महेन्द्र पंडया, विष्णु करोसिया, देवीसिंह चौहान, नितिन डहेरिया, राजेश मानाठाकुर, राजिक अकील, सुमित मिश्रा, देवीसिंह चन्द्रवंशी, लकी हर्षवर्धनसिंह बघेल, सहित बडी संख्या में कांग्रेस जनों के साथ ही पतंग प्रेमियो की उपस्थिति रही।

### टपका धाम मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न

## हरदुआ हाथीघाट में 38 लाख रुपए की लागत से बनने वाले अटल ग्राम सुशासन भवन का किया भूमि पूजन




दमोह। जिले की जबेरा विधानसभा अंतर्गत जनपद तेंदूखेड़ा के सिध्दक्षेत्र टपका धाम मेले में प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी के द्वारा मेले में बुंदेलखंड की प्रसिद्ध ÷दोना काये ने लाये÷ बुंदेली गीत की गायिका सुश्री कविता शर्मा के भजनों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने भजनों का आनंद उठाया।

इस अवसर पर राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा इस मेले का आयोजन निरंतर कई वर्षों से हो रहा है जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मेले का आनंद लेने के लिए पहुंचते हैं। यहां पर बने कुंड की मान्यता है कि जितनी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं उसका जल उतनी तेजी से चट्टानों से निकलता है और ग्राम वासियों को सुविधा प्राप्त होगी । इस भवन का निर्माण पूर्ण गुणवत्ता के साथ किया जाएगा और आने वाले समय में इसको दो मंजिल तक बना सकेंगे।

कार्यक्रम में दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी, गौरव पटेल, गुलाब सिंह जूदेव, राजा साब, रूपेश सेन, मूरत सिंह लोधी, तेंदूखेड़ा नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश जैन सहित अन्य जनपद प्रतिनिधि एवं क्षेत्र वासियों की उपस्थिति रही।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद् विदिशा (म.प्र.)

### पुराना जिला चिकित्सालय, हास्पिटल रोड़ विदिशा (म.प्र.)

क्रमांक / स्वा. शाखा/स्व.भा.म./2025/352 विदिशा, दिनांक 10/01/05

**सार्वजनिक अधिसूचना**

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अंतर्गत प्रदेश के समस्त नगर पालिका परिषद में स्थित सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौंचालयो के लिए सर्विस लेवल बेंचमार्क स्थापित किए गए हैं। अतः एतद् द्वारा उक्त निर्देशों के पालन अंतर्गत नगरपालिका परिषद विदिशा सीमाक्षेत्र के समस्त रहवासीयों / नागरिकों को सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौंचालयो में उच्च स्तरीय नागरिक हितेषी सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतू उपलब्ध सार्वजनिक शौंचालयों में निम्नानुसार सर्बिस लेवल मानक तय किये गये हैं

| क्रं. | सेवा का प्रकार (शौंचालय व मुत्रालय) | मानक लक्ष्य |
|---|---|---|
| 1 | शौंचालय खुलने का समय | 24 घंटे |
| 2 | जल की उपलब्धता | 24 घंटे |
| 3 | शौंचालय में प्रकाश व हवादानी | प्रत्येक सीट में प्राकृतिक एवं एल ई डी लाइट से प्रकाश एवं हवादानी |
| 4 | सैप्टीक टैंक / सिवरेज व्यवस्था | समस्त सीट हेतु |
| 5 | शिकायत निवारण की समय-सीमा | 24 घंटे |
| 6 | शौंचालय की आनलाइन मैप में खोजने हेतु गूगल या समकक्ष प्लेटफार्म में उपलब्धता एवं फीडबैक व्यवस्था | समस्त शौंचालय |
| 7 | दिव्यांग हितेशी सीट / बच्चों के सीट की उपलब्धता | प्रत्येक ब्लाक में न्यूनतम 2 सीट |
| 8 | सीट, बेसिन, फर्श, दीवार, दरवाजा, आईना, आदि की साफ सफाई | निरन्तर किंतु 24 घंटे में न्यूनतम 04 बार |
| 9 | साबुन, फिनाईल, डस्टबिन, मीपिंग, सफाईकर्मी सुरक्षा पहनावे (जैसे-ग्लव्स, जूता, एप्रेन आदि) झाडू आदि की व्यवस्था | समुचित सफाई हेतु निरंतर उपलब्धता |
| 10 | सेनेटरी नेपकीन, एयरफ्रेशनर, हेंडड्रायर | शहर में स्थित कुल 25 प्रतिशत शौंचालयो में |

उपरोक्त प्रावधान संदर्भित आदेश प्रदेश के समस्त नगरपालिका निगम, नगरपालिका परिषद क्षेत्रों मे प्रभावशील है एवं स्वच्छता ऐप तथा निकाय कार्यालय मे अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगें।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद विदिशा**

## विश्व प्रसिद्ध आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के आश्रम की स्थापना अब छिंदवाड़ा में



**छिंदवाड़ा।** श्री श्री रविशंकर द्वारा संचालित आर्ट ऑफ लिविंग संस्था का छिंदवाड़ा में आश्रम बनने जा रहा है । उक्ताशय की जानकारी संस्था की जिला समन्वयक श्रीमती श्वेता चड्ढा ने बताया कि इस हेतु आज संस्था की ओर से उपस्थित संस्था के ट्रस्टी संजीव द्वारा स्थानीय कुसमेली मण्डी सिवनी प्राणमोती के पास बनने जा रहे इस आश्रम की रजिस्ट्री श्री श्री डेव्लपर्स द्वारा ट्रस्ट के नाम पर सुधीर भसीन, हरीश बत्रा, राजीव गुप्ता, शैलिन अग्रवाल के द्वारा दान पत्र की रजिस्ट्री कर दी गई है । श्रीमती चड्ढा ने बताया कि श्री श्री रविशंकर द्वारा संस्थापित ऑर्ट ऑफ लिविंग एक ऐसी संस्था है जिसके विश्व भर में विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग आश्रम संचालित है, और अब हमारे जिले के लिये यह गौरव की बात होगी कि श्री श्री रविशंकर द्वारा संचालित आर्ट ऑफ लिविंग के आश्रम की स्थापना छिंदवाड़ा में होने जा रही है, इससे जिले के हजारों साधकों को इसका लाभ मिलेगा । संस्था की ओर से ऑर्ट ऑफ लिविंग टीचर नंदकिशोर तिवारी को संस्था के लीगल एडवाईजर बनाया गया है। इस अवसर पर संस्था से जुड़े नंदकिशोर तिवारी, उत्तम सिंह राजपूत, सुरेश पवार, लवली चड्ढा सहित वालेंटियर उपस्थित थे ।

## सांसद खेल महाकुभ बॉडी बिल्डिंग 16 को

छिन्दवाड़ा। खेलों के मसीहा हमारे प्रिय सांसद सम्माननीय विवेक बंटी साहू के निर्देश से उनके संसदीय क्षेत्र के खिलाड़ियों को सौगात के रूप में खेल महाकुभ का मंच मिला है। 32 खेलों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बॉडी बिल्डिंग के संयोजक श्री राजेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि बॉडी बिल्डिंग का आयोजन दिनांक 16 जनवरी को शाम 5 बजे से स्थान ओलम्पिक स्टेडियम ग्राउण्ड छिन्दवाड़ा में किया जावेगा। इसमें जिले के कोई भी खिलाड़ी भाग ले सकते है। प्रतियोगिता दो वर्गों में 17 वर्ष से कम बालक एवं 17 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बालक में आयोजित की जायेगी। दर्शकों से भी निवेदन है कि इस बॉडी बिल्डिंग के कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम की भव्यता को बढ़ावें ।

## 16 को कर्मचारी आंदोलन के प्रथम चरण में 48 सूत्रों का ज्ञापन सौपेंगे

**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिला छिंदवाड़ा के जिला अध्यक्ष सतीश गोंडाने द्वारा बताया गया कि मध्य प्रदेश के समस्त कर्मचारी संगठनों के सामूहिक संगठन संयुक्त मोर्चा के माध्यम से कर्मचारियों की 48 सूत्रीय मांगों को लेकर दिनांक 16 जनवरी को शाम 4 बजे कलेक्टर छिंदवाड़ा को मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन एवं मुख्य सचिव महोदय मध्य प्रदेश शासन के नाम ज्ञापन सौपा जाएगा । संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष द्वारा सभी को यह सूचित करते हुए आग्रह किया गया है कि मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में कर्मचारियों की न्यायोचित 48 सूत्रीय मांगों को लेकर एक महत्वपूर्ण ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम न केवल हमारे अधिकारों की रक्षा का माध्यम है, बल्कि हमारी एकता और संघर्षशीलता का प्रतीक भी है। हम सभी का कर्तव्य है कि हम इस कार्यक्रम में अपनी एकजुटता और शक्ति का प्रदर्शन करें। यह समय है अपनी आवाज़ बुलंद करने का, अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर खड़े होने का। आपकी उपस्थिति इस आंदोलन को सफलता की ओर ले जाएगी और हमारी मांगों को शासन तक मजबूती से पहुंचाने का माध्यम बनेगी।

## कबड्डी, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल सहित अन्य खेलों में खिलाड़ी कर रहे हैं उत्कृष्ट प्रदर्शन



छिंदवाड़ा। सांसद खेल महाकुंभ के तीसरे दिन कबड्डी, वालीबाल, कैरम, बास्केटबॉल की प्रतियोगिता आरंभ हुई, विभिन्न ग्रामीण अंचलों से आए खिलाड़ियों की टीम ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और अगले दौर में प्रवेश किया ।मकर संक्रांति के अवसर पर सांसद कार्यालय के सामने बर्मन मैदान में पतंग बाजी में भी भारी संख्या में प्रतिभागियों ने लुफ्त उठाया ।वही फुटबॉल ,क्रिकेट में टीमों ने मैच जीतकर अगले दौर में प्रवेश कर लिया है बैडमिंटन के फाइनल देर शाम तक खेले जाते रहे विभिन्न मैदानों में संचालित की जा रही सांसद खेल महाकुंभ प्रतियोगिता में नगर के खेल प्रेमी भारी संख्या में मैच देखने उपस्थित हो रहे हैं। सांसद खेल महाकुंभ के संचालन में नितिन खंडेलवाल ,अंकित सोलंकी, राकेश चौरसिया ,योगेश्वर चौरिया ,आनंद गिरिपुंजे, श्रेय जैन ,राजेश मालवीय सहित आयोजन समिति के सदस्य महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर रहे हैं। वॉलीबॉल डॉक्टर सुशील पटवा, बास्केटबॉल नीरज शर्मा, कबड्डी देवचंद सूर्यवंशी, प्रीति मार्को तथा पतंग प्रतियोगिता का संचालन संदीप मालवी द्वारा किया जा रहा है। 16 जनवरी को पुलिस मैदान से प्रातः 10 बजे साइकिलिंग प्रतियोगिता आरंभ होगी।

# मिलेट्स स्वास्थ के लिये अमृत समान है, इसे दैनिक भोजन में जरूर शामिल करें : विवेक साहू

### मिलेट्स स्वास्थ के लिये वरदान है: शीलेन्द्र सिह



छिन्दवाड़ा। शासन की मंशा के अनुरूप श्रीअन्न के उत्पादन और उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पोला ग्राउंड छिंदवाड़ा में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय श्रीअन्न (मिलेट्स) फूड फेस्टिवल का आज भव्य शुभारम्भ हुआ। मिलेट्स फूड फेस्टिवल का शुभारम्भ छिंदवाड़ा सांसद श्री विवेक बंटी साहू द्वारा स्थानीय कलाकारों की गेड़ी नृत्य प्रस्तुति के बीच फीता काटकर किया गया। शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर शीलेंद्र सिंह, सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार, शेषराव यादव, महापौर विक्रम अहके, टीकाराम चंद्रवंशी, मेर सिंह चौधरी, रामाराव लाड़े, संजय पटेल, संतोष पटेल, श्री राजू नरोटे, अरविंद राजपूत, अंकुर शुक्ला, रोहित पोफली व जागेंद्र अल्डक सहित अन्य जनप्रतिनिधि, उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह, उद्यानिकी महाविद्यालय के डीन एवं कृषि वैज्ञानिक डॉ. आर.सी.शर्मा व कृषि वैज्ञानिक डॉ. ध्रुव श्रीवास्तव सहित कृषि एवं सह संबद्ध विभागों का अमला, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी, जिले के मिलेट उत्पादक एफ.पी.ओ., एन.जी.ओ., एन.आर.एल.एम. के स्व सहायता समूह और बड़ी संख्या में जिले के कृषक और आम नागरिक मौजूद थे।

जिला स्तरीय मिलेट्स फूड फेस्टिवल के भव्य शुभारम्भ के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जिसमें कन्या शिक्षा परिसर छिंदवाड़ा की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत लोकनृत्य और वृन्दावन आर्ट मयूर डांस ग्रुप नागपुर के कलाकारों द्वारा मोर बन के श्याम आए सखि.... गाने पर प्रस्तुत आकर्षक मयूर नृत्य ने सभी का मन मोह लिया।

इस अवसर पर छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू ने सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं और कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्ष 2024 में अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष की घोषणा कर भारत के श्री अन्न को विश्व में पहचान दिलाई है। श्री अन्न हमारे स्वास्थ्य के लिए अमृत के समान हैं, इसे दैनिक भोजन में जरूर शामिल करें। उन्होंने सभी से अपनी परंपरा के अनुसार श्री अन्न को अपने भोजन में शामिल कर स्वस्थ, निरोग एवं संपन्न रहने का संदेश दिया। साथ ही जिले के सभी नागरिकों से परिवार के सभी सदस्यों के साथ ही युवाओं और बच्चों को भी इस मिलेट्स फूड फेस्टिवल में लाने की अपील की, ताकि युवाओं को जागरूक कर समाज में बदलाव लाया जा सके। श्री शेषराव यादव ने मिलेट्स के पौष्टिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी से घरों में होने वाले सभी आयोजनों में मिलेट्स से बने व्यंजनों को शामिल कर इस फेस्टिवल को सफल बनाने की अपील की। महापौर विक्रम अहके ने कहा कि श्री अन्न का भोजन के रूप में उपयोग हमें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है। डॉक्टर्स भी स्वस्थ रहने के लिए मिलेट्स (मोटे अनाज) के सेवन की सलाह देते हैं। कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह ने मिलेट्स फूड फेस्टिवल के आयोजन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला और मिलेट्स को स्वास्थ के लिये वरदान बताया। उन्होंने सभी से स्वस्थ्य रहने के लिए मिलेट्स की उपयोगिता को बढ़ाने और इसके लिए अन्य लोगों को भी प्रेरित करने की अपील की।

### छिंदवाड़ा जिले की है अलग पहचान

शुभारंभ कार्यक्रम में उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र सिंह ने मिलेट्स फूड फेस्टिवल आयोजना के उद्देश्य के बारे में बताया और संक्षिप्त रूप रेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि बीपी, शुगर, मोटापा एवं हृदय रोगियों के लिये मिलेट्स वरदान हैं। छिंदवाड़ा जिला श्री अन्न उत्पादन में प्रदेश में अलग पहचान रखता है। जिले में कोदो, कुटकी, रागी, कंगनी सहित ज्वार की खेती लगभग 15000 हेक्टेयर में होती है, जिससे तैयार व्यंजन एफपीओ के माध्यम से जिले ही नहीं बल्कि प्रदेश एवं देश के अन्य राज्यों तक भी विक्रय किए जा रहे हैं। नाबार्ड से सहायता प्राप्त एफपीओ पातालकोट फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के उत्पाद ट्राइफेड राष्ट्रीय मेला दिल्ली में भी प्रदर्शित किए गए, जिसके उत्पादों की सराहना स्वयं प्रधानमंत्री जी द्वारा की गई है। मध्यप्रदेश शासन ने भी श्री अन्न फसलों को प्रोत्साहन देने के लिए रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना प्रारंभ की है, जिसमें श्री अन्न फसलों के उत्पादन पर सारा एप पोर्टल पर दर्ज गिरदावरी के अनुसार किसानों के बैंक खाते में प्रति हेक्टेयर 3900 रुपए डीबीटी के माध्यम से दिए जाएंगे।

## पुराने कुएं के धंसने से तीन लोग दबे, रेस्क्यू जारी



**छिन्दवाड़ा ।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के खुनाझिर खुर्द गांव में एक पुराने कुएं का मलबा निकालने के दौरान बड़ा हादसा हो गया। कुआं अचानक धंस जाने से एक महिला और दो पुरुष मलबे में दब गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया। छिंदवाड़ा एसडीएम सुधीर जैन ने बताया कि राहत कार्य में जेसीबी मशीन का उपयोग किया जा रहा है। दबे लोगों की पहचान राशिद, वासिद (दोनों 18 वर्ष) और सहजादी (50 वर्ष) के रूप में हुई है। तीनों लोग होशंगाबाद जिले के बुधनी के निवासी बताए जा रहे हैं। घटना तब हुई जब कुएं की सफाई और मलबा निकालने का काम किया जा रहा था। स्थानीय प्रशासन और राहत दल तेजी से बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। स्थिति पर नजर बनाए रखने के लिए अधिकारी मौके पर मौजूद हैं।रेस्क्यू टीम का कहना है कि मलबा हटाने का काम सावधानीपूर्वक किया जा रहा है ताकि दबे हुए लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सके। प्रशासन ने स्थानीय लोगों से भी सहयोग की अपील की है।

### घटनास्थल पर कड़ी नजर

घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है, और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर मौजूद हैं। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। इस हादसे ने क्षेत्र में सुरक्षा उपायों और पुराने निर्माण कार्यों की स्थिति पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## सिक्ख समाज ने पन्नू के स्टेटमेन्ट का किया विरोध



छिंदवाड़ा। निवेदन है कि गुरूपतवंत सिह पन्नू कनैडा निवासी जो कि भारत सरकार द्वारा आतंकवादी घोषित किया गया है गुरूपतवंत सिह पन्नू ने एक कनेडा में एक स्टेटमेंट जारी किया है जिसमे उसने कहा है कि मैं अयोध्या मे रामन्दिर पर या प्रयाग मे जो महाकुंभ हो रहा है उस पर मै हमला करा दूंगा। इस सम्बन्ध मे हमारा छिन्दवाड़ा जिले के सभी सिक्ख समाज इसका विरोध करता है सिक्ख समाज बहुत ही शान्ति प्रिय समाज है जो इनके स्टेटमेंट से इत्तेफाक नहीं रखता। खालिस्तान के सम्बन्ध मे जो भी गतिविधिया जो गुरूपतवंत सिंह (कनाडा निवासी) पन्नू या अन्य कोई भी आतंकवादी जो खालिस्तान से सम्बन्धित गतिविधियां कर रहे है उनसे हमारे सिक्ख समाज का कोई सम्बन्ध नही है हमारा समाज खालिस्तान के लिए चल रही गतिविधियो का समर्थन नही करता।

## विभिन्न संभागों और वितरण केन्द्र कार्यालयों में उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर आयोजित

### 99 शिकायतों का मौके पर ही किया गया त्वरित निराकरण

**छिन्दवाड़ा।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के छिंदवाड़ा/पांढुर्णा जिले में कंपनी के छिंदवाड़ा वृत्त कार्यालय, संचारण/संधारण के 8 संभागों जिनमें शहर संभाग छिंदवाड़ा, पूर्व संभाग छिंदवाड़ा, अमरवाड़ा, चौरई, सौंसर, पांढुर्णा, जुन्नारदेव व परासिया और इनके अंतर्गत आने वाले सभी वितरण केंद्रों में आज मंगलवार को विद्युत उपभोक्ता समस्या निवारण शिविर संपन्न हुये । इन शिविरों में 99 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से सभी 99 शिकायतों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता खुशियाल शिववंशी ने बताया कि शिविर/जनसुनवाई में विद्युत प्रदाय संबंधी 49, बिल संबंधी 15, बंद/खराब मीटर संबंधी 22, नवीन कनेक्शन संबंधी 02 और 11 अन्य प्रकार की शिकायतें प्राप्त हुई। इस प्रकार कुल 99 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 99 शिकायतों का मौके पर ही तत्काल निराकरण किया गया। उन्होंने बताया कि विद्युत प्रदाय संबंधी 49, बिल संबंधी 15, बंद/खराब मीटर संबंधी 22, नवीन कनेक्शन संबंधी 02 और अन्य श्रेणी की 11 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया । उन्होंने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि विद्युत संबंधी शिकायतों के निवारण के लिये प्रति मंगलवार वृत्त के विभिन्न संभागों और वितरण केन्द्र कार्यालयों में आयोजित विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर/जनसुनवाई का लाभ अवश्य लेवें।

## हल्की वर्षा होने की संभावना

छिंदवाड़ा। भोपाल द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले 120 घंटो के दौरान (15 से 19 जनवरी 2025) मध्यम से हल्के बादल रहने एवं दिनांक 17.01.2025 को बहुत हल्की वर्षा होने की संभावना है । अधिकतम तापमान 20-24 डिग्री सेन्टीग्रेट एवं न्यूनतम तापमान 10-12 डिग्री. सेन्टीग्रेट के मध्य रहने की संभावना है । अधिकतम सापेक्षित आर्द्रता 86-98 प्रतिशत एवं न्यूनतम सापेक्षित आर्द्रता 46-56 प्रतिशत रहने की संभावना है ।

## सांसद विवेक साहू ने उड़ाई पतंग



छिंदवाड़ा- सांसद विवेक बंटी साहू ने छिंदवाड़ा-पांढुर्णा जिले वासियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी है, मंगलवार को सांसद साहू ने मकर संक्रांति के अवसर पर खेल महाकुंभ द्वारा सांसद कार्यालय के सामने स्थित मैदान में आयोजित पतंग प्रतियोगिता में पहुंचकर लोगों का उत्साह वर्धन किया, इस दौरान सांसद अपने आप को रोक नहीं पाए उन्होंने भी पतंग बाजी का आनंद लिया और पतंग उड़ाकर पेंच लड़ाए, पतंग प्रतियोगिता में भाजपा जिला अध्यक्ष शेषराव यादव, महापौर विक्रम आहके, टीकाराम चंद्रवंशी, राजू नरोटे, संतोष पटेल, रोहित पोफली, अंकुर शुक्ला, बिट्टू मंडराह, सौरभ ठाकुर ,अंकित सोलंकी जिला संयोजक भाजपा खेल प्रकोष्ठ,सहित बड़ी संख्या में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सांसद ने जिलाध्यक्ष की पतंग काटी

मकर संक्राति में पतंग उड़ाने का मजा ही कुछ है सांसद ने भी अपने साथियों के साथ पतंग उड़ाई बताया जाता है कि सांसद साहू ने जिलाध्यक्ष शेषराव यादव की पतंग काटी, सांसद की पतंग महापौर विक्रम अहाके ने काटी और महापौर विक्रम अहाके की पतंग भाजपा के संदीप रघुवंशी ने काटी, पतंग उड़ाने का सभी लोगों ने मजा लिया

## नवेगांव में कांग्रेस की सशक्त टीम हुई तैयार, ब्लॉक कार्यकारिणी घोषित

**छिन्दवाड़ा।** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार नवेगांव ब्लॉक कांग्रेस की कार्यकारिणी घोषित की गई है। घोषित कार्यकारिणी में कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, जुन्नारदेव विधानसभा प्रभारी गोविंद राय, विधायक सुनील उइके व पर्यवेक्षक के.के पंथकी से चर्चा के उपरांत कार्यकारिणी घोषित की गई जिसमें नवेगांव ब्लॉक अध्यक्ष सिम्मीलाल परतेती के साथ समन्वयक गोकुल यदुवंशी, कार्यकारी अध्यक्ष कैदार यदुवंशी एवं दिनेश धुर्वे मनोनीत किए गए हैं।महामंत्री-- राजेश मिगलानी, रामनाथ धुर्वे, मनीष साहू एवं धरमदास यदुवंशी को नवेगांव ब्लॉक कांग्रेस की घोषित कार्यकारिणी में महामंत्री मनोनीत किया गया है।उपाध्यक्ष- जोगीलाल यदुवंशी, विश्वजीत मजुमदार, सुन्दर उइके व मन्नू यदुवंशी को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। सतीष यदुवंशी को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया है। ाजू सूर्यवंशी को सचिव, नन्दकिशोर यदुवंशी व मुकेश उइके को सहसचिव व सलाहकार शिवराम मोहबे मनोनीत किए गए हैं। कार्यालय प्रभारी सुरेश राय, कार्यकारिणी सदस्य धनलाल यदुवंशी नियुक्त किए गए हैं। सदस्य- दर्शन यदुवंशी, हरिराम यदुवंशी, भजनलाल कुमरे, कमरलाल ढीकू, मनकर उइके, महेश यदुवंशी, नारायण यदुवंशी, नरेन्द्र चौकसे, ध्रुपाल यदुवंशी, शिवप्रसाद यदुवंशी, जगदीश यदुवंशी, कानूलाल यदुवंशी, फुलचन्द यदुवंशी, मुन्नीलाल सरेयाम, जुगनलाल कोडेती, कमल ईवनाती, हरिराम यदुवंशी, मंजीलाल पन्द्राम, प्रेमलाल ईवनाती, अर्जुन नन्दवंशी, माहूलाल धुर्वे एवं मेहताप धुर्वे नवेगांव ब्लॉक कांग्रेस की घोषित कार्यकारिणी में सदस्य मनोनीत किए ।

## रात में पुलिस ने की मारपीट, सुबह युवक ने खाया जहर, मौत

### पति-पत्नी के विवाद में कुंडीपुरा पुलिस ने दिखाई बर्बरता



**छिंदवाड़ा।** कुंडीपूरा थाना अंतर्गत सुकलुढाना निवासी एक युवक ने जहर का सेवन कर मौत को गले लगा लिया। युवक की मौत के बाद मृतक की मां ने कुंडीपूरा पुलिस पर गम्भीर आरोप लगाए हैं। मिली जानकारी के अनुसार सुकलुढाना वार्ड क्रमांक 21 निवासी नितिन उर्फ सून्नू पिता नन्दू साहू उम्र 40 साल का सोमवार रात 12 अपनी पत्नी लक्ष्मी साहू से मामूली विवाद हुआ था, जिसपर पत्नी द्वारा कुंडीपुरा पुलिस को सूचना दी गई। ऐसे में देर रात 4 पुलिसकर्मी मृतक नितिन के घर पहुँचे जहां चारों पुलिस कर्मियों द्वारा उसे प्लास्टिक के डंडों व हाथ से बुरी तरह मारा गया। ऐसे में नितिन की माँ गीता साहू द्वारा पुलिस कर्मियों को रोका गया। जिसके बाद चारों पुलिस कर्मी वहां से चले गए। लेकिन इस मारपीट में मृतक नितिन साहू को कान व पैरों में गम्भीर चोट आ गई। वहीं जब दूसरे दिन पुलिसकर्मी मृतक के घर पहुँचे तो वह डर के मारे घर से भाग गया, और सल्फाज का सेवन कर लिया। जहां उसे जिला अस्पताल लाया गया, जहां लगातार चले उपचार के बाद उसने दम तोड़ दिया। हालाकि पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### तीन बार पहुँची पुलिस..

गीता साहू ने बताया कि सोमवार रात 12 बजे जब उनकी बहू लक्ष्मी ने पुलिस को सूचना दी तो पहली बार पुलिस ने समझाइश देकर छोड़ दिया। वहीं जब सुबह 4 बजे पुलिस को फिर सूचना मिली तो मृतक नितिन के साथ पुलिस कर्मियों द्वारा बेहरमी से मारपीट की गई। ऐसे में जब सुबह 8 बजे फिर एक बार पुलिस मृतक नितिन के घर पहुँची तो वह सहम गया, और घर से भागकर सल्फाज का सेवन कर लिया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इस पूरे मामले में मृतक की माँ गीता साहू का आरोप है कि पुलिस की मार से वह भयभीत हो गया था। ऐसे में उसने जहर का सेवन कर मौत को गले लगा लिया।

### इनका कहना है...

पुलिस द्वारा मारपीट के कारण युवक ने जहर का सेवन किया है, यह कहना ग़लत होगा। फिलहाल मामले की जांच के बाद सब साफ हो पाएगा। मृतक पहले भी आत्महत्या जैसे कदम उठा चुका है। फिर भी अभी मामले की जांच की जाएगी।

**अजय पांडे,** पुलिस अधीक्षक, छिंदवाड़ा

## जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह निर्वाचन आलोक संघ कार्यकारिणी का आयोजन 19 को

छिंदवाड़ा। अखिल भारतीय लोधी लोधा लोध अधिकारी कर्मचारी संघ आलोक का चतुर्थ जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान एवं निर्वाचन आलोक जिला कार्यकारिणी का सिवनी रोड़ पर 19 जनवरी 2025 दिन रविवार समय प्रातः 10रू00 बजे से स्थान राधाकृष्ण लॉन वृंदावन लॉन के पास बोहता चाँद रोड छिंदवाड़ा में आयोजित किया गया है उक्त कार्यक्रम में मुख्य मार्गदर्शन लोकेश लिल्हारे कमिश्नर जीएसटी जबलपुर मुख्य अतिथि विवेक बंटी साहू सांसद छिंदवाड़ा, जालम सिंह पटेल पूर्व मंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष लोधी समाज मध्यप्रदेश ,,शीलेंद्र सिंह जिला कलेक्टर छिंदवाड़ा के मुख्य अतिथि एवं मार्गदर्शक मंडल अनंतलाल दमाहे राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक विजय बरैया राष्ट्रीय परामर्शदात्री अध्यक्ष आलोक ,चंद्र सिंह पटेल राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक, एसके गिरिया राष्ट्रीय कार्यालय महासचिव आलोक आईएस लोधी प्रदेश अध्यक्ष आलोक जीएस पटेल नवोदय जागृति अभियान अध्यक्ष आलोक कामिनी राजपूत प्रदेश संयोजक महिला व आलोक कार्यक्रम अध्यक्ष जयपाल सिंह जंघेला जिला अध्यक्ष आलोक छिंदवाड़ा की गरिमा में उपस्थिति में आयोजित किया गया है इस कार्यक्रम में दसवीं और बारहवीं के प्रतिभावान विद्यार्थियों को जिन्होंने प्रदेश सूची में टॉप 10 मेरिट लिस्ट में नाम लाया है 10वीं और 12वीं में 75ः से अधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान एक अक्टूबर 2023-24 से नवनियुक्त एवं सेवानिवृत अधिकारियों कर्मचारियों का सम्मान अन्य विधाओं में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं जैसे नीट पी एस सी,एमपी यूपीएससी,,खेल ,संगीत, नृत्य आदि विधाओं पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों का सम्मान सर्व समाज का किया जाना सुनिश्चित किया गया है जो भी प्रतिभा वन छात्र-छात्र हैं वह आलोक संघ के पास दिनांक 19 जनवरी 2025 तक अपने नाम एवं दस्तावेज दे सकते हैं ताकि उन्हें भी कार्यक्रम में सम्मानित किया जा सके।

# भाजपा विधायक ने कृषि भूमि पर काट दी अवैध कॉलोनी: कांग्रेस का आरोप

### शासन के नियमों को दिखाया ठेंगा, व्यवसायिक दुकानें भी बनाई

छिन्दवाड़ा। भाजपा की छत्रछाया में भू माफिया, रेत माफिया, सूदखोर व अवैध कारोबारी जमकर फलफूल रहे। कमीशन व घूसखोरी पर टिकी सरकार में केवल राजनीतिक द्वेष भावना से कार्रवाई की जा रही। अगर निष्पक्ष कार्रवाई होती तो अब तक भाजपा विधायक कमलेश प्रताप शाह के खिलाफ अवैध कॉलोनी काटने का अपराध पंजीबद्ध किया जाता, किन्तु ऐसा नहीं होना भाजपा सरकार के दोगले चरित्र को उजागर करता है। यह बयान कांग्रेस एसटी प्रकोष्ठ के कार्यकारी अध्यक्ष अशोक उइके ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में दिए हैं।अशोक उइके ने आगे कहा कि भाजपा विधायक कमलेश शाह ने हर्रई में स्वयं की कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनी एवं व्यवसायिक दुकानों का निर्माण किया। रेरा (रियल एस्टेट) विनियमन और विकास अधिनियम की अनुमति लिए बगैर कॉलोनी काट दी। इतना ही नहीं नियम विरुद्ध शासकीय योजना से कॉलोनी तक पक्की सड़के व नाली का निर्माण भी कराया। सम्पूर्ण मामले की जब तात्कालीन अनुविभागीय अधिकारी को शिकायत दी गई तो उन्होंने दबाव में आकर झूठी जानकारी दी, किन्तु पुनः शिकायत करने पर तात्कालीन तहसीलदार ने स्पष्ट किया कि जिस भूमि पर कॉलोनी व दुकानों का निर्माण कराया गया है वह कमलेश प्रताप शाह वर्तमान भाजपा विधायक के नाम पर दर्ज है। श्री उइके ने भाजपा सरकार से प्रश्न किया है कि इस सम्पूर्ण मामले में विधायक कमलेश प्रताप शाह के खिलाफ कब कार्रवाई की जाएगी या फिर जिस तरह अन्य संगीन मामलों को दबाया जा रहा है वैसे ही इसे भी दबा दिया जाएगा।

### अवैध कॉलोनी के नाम पर खूब हुई वसूली

श्री उइके ने आगे कहा कि जिला मुख्यालय सहित जिले भर में भाजपा व प्रशासनिक गठजोड़ ने अवैध कॉलोनी के नाम पर द्विवेष पूर्ण कार्रवाई करते हुए जमकर वसूली की है। जिन्होंने लिफाफा दिया वे बच गए और जिन्होंने नहीं दिया उनकी कॉलोनी पर बुल्डोजर चला दिया गया। अब सवाल यह उठ रहा है कि भाजपा विधायक श्री कमलेश प्रताप शाह की अवैध कॉलोनी के खिलाफ कब कार्रवाई होगी।

### 243 दुकान व मकान का निर्माण

कांग्रेस एसटी सेल के कार्यकारी अध्यक्ष अशोक उइके ने कहा कि भाजपा विधायक कमलेश प्रताप शाह ने हर्रई में स्वयं की कृषि भूमि पर अवैध तरीके से कॉलोनी व व्यावसायिक दुकान निर्माण हेतु जमीन बेची है जिसका सम्पूर्ण ब्योरा इस प्रकार है। हर्रई के वार्ड क्रमांक 8 में 99 वार्ड क्रमांक 13 में 74, वार्ड क्रमांक 14 में 55 एवं 15 अन्य दुकान व मकान का निर्माण हुआ है इस प्रकार कुल 243 दुकान व मकान अवैध है। भाजपा के संरक्षण में विधायक श्री शाह अब सच बोलने व उनकी पोल खोलने वालों को डराने और धमकाने भी लगे हैं, किन्तु वह यह बात जान लें कि सच की आवाज को कोई दबा नहीं सकता। चेतावनी देते हुए अशोक उइके ने कहा कि भाजपा विधायक कमलेश शाह व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती माधवी शाह के द्वारा किए गए गबन, घोटाले व भ्रष्टाचार की यह श्रृंखला आगे भी सतत जारी रहेगी।

## रोजगारोन्मुखी योजनाओं से जुड़ेगें जिले के बेरोजगार: सांसद

### सांसद द्वारा 480 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और 60 प्रशिक्षार्थियों को दिये गये ऑफर लेटर



**छिंदवाड़ा।** जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए हर ब्लॉक में प्रशिक्षण केन्द्र खोले जाएँगे जिससे की बेरोजगार युवाओं को रोजगारन्मुखी योजनाओं से जोड़कर उन्हें रोजगार प्रदान किया जा सके। उक्त उद्गार खिरसाडोह में डी.के.पी इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित प्रशिक्षण प्राप्त विद्याथियों को प्रमाण पत्र एवं ऑफर लेटर वितरण समारोह के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा व्यक्त किये गये। सांसद के द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि आने वाले समय में भी अधिक से अधिक युवाओं को इस तरीके के प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ जोड़ा जाएगा,ताकि हमारे छिंदवाड़ा के समस्त ब्लॉकों में इस योजना का लाभ प्रत्येक युवा को मिल सके। आगे भी इस तरह की योजनाओं का लाभ हमारे छिंदवाड़ा जिले के युवा युवक युवतियों को दिया जाएगा। आज के समय में बढ़ रही बेरोजगारी को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के माध्यम से ऐसी कल्याणकारी योजनाएं हमारे छिंदवाड़ा जिले में निरंतर संचालित की जा रही हैं। सांसद द्वारा पीएमकेवीवाए योजना में प्रशिक्षण ले रहे डी.के.पी इंस्टीट्यूट के 480 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं 60 विद्यार्थियों को ऑफर लेटर वितरित किये गये।संस्था के डायरेक्टर दौलत पटेल द्वारा यह अवगत कराया गया कि ऐसे बेरोजगार युवक् जिन्हें रोजगार की तलाश है और जो भारत सरकार द्वारा चला जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेना चाहते हैं वह इस संस्था से जुड़ सकते हैं। कोयलांचल क्षेत्र में संचालित डी.के.पी इंस्टीट्यूट के द्वारा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के माध्यम से युवक युवतियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। जिसके माध्यम से अलग-अलग सेक्टर में विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाकर प्रशिक्षण के उपरांत इन विद्यार्थियों को रोजगार तथा स्वरोजगार से जोड़ा जाता है। उक्त अवसर पर कार्यक्रम में नगर पालिका परासिया अध्यक्ष विनोद मालवी,वरिष्ठ भाजपा नेत्री ज्योति डेहरिया, जनप्रतिनिधि परमजीत सिंह, जयंत राय, रामप्रसाद कुमरे, मनीष यादव, देवी पाल, अरूण यदुवंशी, यादव,अर्जुन साहू,एवं समस्त स्टॉफ और बड़ी संख्या मे विद्यार्थी उपस्थित थे।


मान. डॉ. मोहन यादव जी का प्रथम विदिशा नगर आगमन पर
स्वागत वदंन अभिनंदन
श्रीमति प्रीति-राकेश शर्मा
अध्यक्ष नगर पालिका विदिशा
निवेदक : नगर पालिका परिषद् विदिशा


मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मा. डॉ. मोहन यादव जी एवं
केंद्रीय ग्रामीण विकास, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री
मा. शिवराजसिंह चौहान जी का
विदिशा आगमन पर
हार्दिक स्वागत
वंदन अभिनंदन
दिनांक: 15 जनवरी 2025
समय: दोप. 12 बजे
स्थान : पुरानी गल्ला मंडी, विदिशा
श्रीमति गीता कैलाश रघुवंशी
अध्यक्ष
जिला पंचायत विदिशा